

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 28 दिसंबर 2024 ■ पौष कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-268 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### धमतरी -गरियाबंद में एनआईए की 11 ठिकानों पर दबिश

**रायपुर,28 दिसंबर।** पोलिंग पार्टी पर हमला करने वाले 11 संदिग्धों के धमतरी और गरियाबंद जिले में स्थित ठिकानों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने दबिश दी है. इन संदिग्धों के घरों से करीब डेढ़ लाख रुपए कैश समेत आईईडी, नक्सल साहित्य समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं. एनआईए ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ के गरियाबंद और धमतरी जिले के अंदरूनी और नक्सल प्रभावित इलाके सेमरा, मैनपुर, केराबहरा, घोरागांव समेत कुल 11 संदिग्ध लोगों के अलग-अलग ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की गई है. उन्हें प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) आतंकवादी संगठन के मैनपुर-नुआपाड़ा डिवीजन के समर्थक और ओवर ग्राउंड वर्कर माना जा रहा है. साल 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान के बाद बड़ेगोबरा में पोलिंग पार्टी पर ब्लास्ट कर हमला किया था, जिसमें आईटीबीपी का एक हेड कॉन्स्टेबल शहीद हो गया था. घटना में नक्सलियों के मैनपुर-नुआपाड़ा डिवीजन से जुड़े होने का शक है.

### पटवारियों की हड़ताल से कामकाज ठप

**रायपुर,28 दिसंबर।** राजधानी रायपुर समेत पूरे प्रदेश में राजस्व निरीक्षक और पटवारी एक बार फिर तहसील में सभी काम ऑनलाइन करने के विरोध में हड़ताल पर चले गए हैं। नतीजतन, जमीन से जुड़े काम ठप हो गए हैं। जमीन का नक्शा, खसरा रिकॉर्ड, बंटवारा, नामांतरण, डायवर्सन और सीमांकन जैसी सेवाएं ठप हो गई हैं। इस स्थिति के कारण सबसे ज्यादा परेशानी आम जनता को हो रही है। हड़ताल के कारण लोगों को बिना काम के घर भेजा जा रहा है। उन्हें बताया गया है कि हड़ताल जारी रहने तक कोई काम नहीं किया जाएगा। राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों की मुख्य मांग है कि उन्हें ऑनलाइन काम के बदले इंटरनेट डेटा रिचार्ज का मुआवजा दिया जाए। इंटरनेट भत्ता न मिलने पर वे काम नहीं करेंगे। 16 दिसंबर से आरआई और पटवारियों ने पहले विरोध प्रदर्शन किया और फिर काली पट्टी बांधकर काम किया। हालांकि, अब उन्होंने पूरी तरह से काम बंद कर दिया है।

### खेत में मिला जिंदा नवजात

**सरगुजा,28 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में लगातार मानवता को शर्मसार करने का मामला सामने आ रहा है. धमतरी के बाद अब सरगुजा जिले में जिंदा नवजात खेत में मिला है. नवजात को दफन करने की कोशिश की गई थी. बच्चे के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने नवजात की जान बचाई है. बताया जा रहा कि यह बच्चा कुछ ही घंटे पहले पैदा हुआ है. पूरा मामला सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पेटला कोयलापानी का है. ग्रामीणों ने नवजात को सीतापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. सीतापुर मेडिकल ऑफियर ड्रॉ. एम निकुंज ने बताया, बच्चा डॉक्टरों की



निगरानी में है. उनकी हालत खतरे से बाहर है. इस मामले की सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है इसी हफ्ते धमतरी जिले के चरोटा गांव में नाले के पास जीवित नवजात मिला था. बच्चे को यूरिया खाद वाली प्लास्टिक की बोरी में भरकर नाले में फेंक दिया गया था. कुछ लोगों ने सुबह की सैर के दौरान रोने की आवाज सुनी, तब नवजात का पता चला. इसके बाद तुरंत ही गांव की मितानिन को बुलाया गया, फिर मितानिन ने बच्चे को धमतरी जिला अस्पताल पहुंचाया, जिससे नवजात की जान बच गई.

# पूर्व मंत्री कवासी लखमा पर ईडी का शिकंजा

## शराब घोटालाः रायपुर स्थित घर,बेटे के निवास व समर्थकों के ठिकानों पर छापा

**रायपुर,28 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा के धरमपुरा, रायपुर स्थित निवास पर छापा मारा है. इसके साथ पूर्व मंत्री के करीबी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुशील ओझा के चौबे कालोनी स्थित घर पर ईडी ने दबिश दी है. ईडी की टीम सुबह से ही कांग्रेस नेताओं के घरों पर छापेमारी में जुटी है. इसके पहले सुकमा में कवासी लखमा के बेटे और जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी के साथ नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के घरों पर ईडी की टीम ने दबिश दी थी. सूचना रायपुर पहुंचने से पहले ही कवासी लखमा के भी घर में ईडी की टीम ने दस्तक दे दी थी. कवासी लखमा के वाहन की जांच कर दस्तावेज बरामद किये गये। सुकमा में हरीश कवासी के घर के अलावा नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के घर



पर भी छानबीन की गई। इस कार्रवाई के दौरान इन सभी ठिकानों पर सीआरपीएफ के जवान तैनात थे और टीम ने पूछताछ और जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, शराब घोटाले में लखमा और उनके परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें यह आरोप है कि लखमा को हर महीने 50 लाख रुपये की रकम घोटाले से दी जाती थी। इसके अलावा, सुकमा जिला पंचायत के अध्यक्ष हरीश कवासी के खिलाफ भी जांच जारी है। ईडी ने 2018 से 2023 तक कांग्रेस शासनकाल के दौरान शराब और कोयला घोटाले में कई मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें लखमा, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, और अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं। इस शराब घोटाले की जांच में कथित रूप से आईएएस अधिकारी,अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी को मास्टरमाइंड बताया गया था, जिसके बाद एसीबी भी अपनी अलग कार्रवाई कर रही है। **ईडी कवासी लखमा से पूछताछ कर रही है।**



# पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह

**नई दिल्ली,28 दिसंबर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर पंचतत्व मे विलीन हो गया है। नम आंखों से परिवार के सदस्यों, कांग्रेस पार्टी के नेता और अन्य नेताओं की मौजूदगी में डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हुआ है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में गुरुवार 26 दिसंबर को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। आर्थिक सुधारों के जनक कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर शनिवार 28 दिसंबर को पंचतत्व में विलीन हो गया है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार यहां राजकीय सम्मान के साथ किया गया। डॉ. मनमोहन सिंह की बेटी ने उन्हें मुखाग्नि दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कई अन्य हस्तियों ने सिंह को अंतिम विदाई दी।

**21 तोपों की दी गई सलामी**

कांग्रेस मुख्यालय से निगमबोध घाट तक उनकी अंतिम यात्रा निकली। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता ''जब तक सूरज चांद रहेगा, मनमोहन आपका नाम रहेगा'' और ''मनमोहन सिंह अमर रहें'' नारे लगाते रहे। सिंह का पार्थिव शरीर जिस वाहन में रखा गया, उसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सिंह के परिवार के कुछ सदस्य और कांग्रेस के कुछ नेता भी बैठे थे। अंतिम यात्रा से पहले सिंह का पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय '24 अकबर रोड' में रखा गया था जहां सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# कवासी लखमा को मोहरा बनाकर प्रदेश में किया गया शराब घोटाला : केदार

**रायपुर,28 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में ईडी की टीम फिर से एक्शन मोड़ में है। आज ईडी ने कांग्रेस के पूर्व मंत्री कवासी लखमा के ठिकानों पर सुबह सुबह दबिश दी है। सुकमा में उनके बेटे और जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी के शासकीय आवास में भी अधिकारी पहुंचे हुए हैं। जहां यदि की टीम द्वारा लगातार जांच जारी है, इस जांच में कई बड़े खुलासे होने की संभावना है। आपको बता दें कि, प्रदेश में हुए शराब घोटाले को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है। ईडी ने ACB में FIR दर्ज कराई है। दर्ज FIR में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। श्वष्ठ ने अपनी जांच में पाया कि, तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में कई नेता और अफसर अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दे रहे थे। रिपोर्ट्स ये पूरा सिंडिकेट सरकार के इशारों पर ही चलता रहा। तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा को भी इसकी जानकारी थी और कथित तौर पर कमीशन का बड़ा हिस्सा आबकारी मंत्री कवासी लखमा के पास भी जाता था।



वहीं इस कार्रवाई को लेकर प्रदेश में सियासत भी गर्म हो गई है। साय कैबिनेट के मंत्री और छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने बड़ा बयान देते हुए खा है कि, कांग्रेस शासन काल में सरकार ने प्रदेश में एक से बढ़कर एक घोटाले किये है। घोटाला करने वाले कई लोग आज जेल के अंदर है। पूर्व की कांग्रेस सरकार शराब, कोल, भू माफिया थी। 25 सौ करोड रु से ज्यादा का शराब घोटाला हुआ है। आबकारी घोटाले में दिल्ली में बैठे लोग भी शामिल है। कवासी लखमा तो मोहरा थे। खेल करने वाले दूसरे थे।

### ओएचई में आई तकनीकी खराबी, घंटों डोंगरगढ़ में खड़ी रही ट्रेनें

**रायपुर,28 दिसंबर।** हावड़ा-मुंबई लाईन रूक गई है. इसके पीछे की वजह ओएचई केबल में तकनीकी खराबी का कटना बताया जा रहा है. इसके कारण डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में 3-3 घंटे से ट्रेनों के खड़े होने की जानकारी मिल रही है. रेलवे सूत्रों के मुताबिक दरभंगा एक्सप्रेस और गोंडवाना एक्सप्रेस को डोंगरगढ़ में रोक दिया गया है. इसके अलावा नागपुर की तरफ से आने वाली ट्रेनें भी डिटेन हो रही है. सूचना के बाद गोंदिया आरपीएफ स्टॉफ टॉवर वैगन से घटनास्थल के लिये 9.15 बजे रवाना हो गए. हालांकि इसे कब सुधार लिया जाएगा इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी रेलवे की तरफ से नहीं आई है.

# भाजपा के जिला अध्यक्षों का चुनाव सर्वानुमति से होगाः साव

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर,28 दिसंबर।** राजधानी रायपुर में प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में केंद्रीय संगठन चुनाव पर्यवेक्षक और खरगोन-बड़वानी के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पर सहमति बन गई। अब तीन नामों का पैनल तैयार कर दिल्ली भेजा जाएगा, जहां केंद्रीय चुनाव समिति से चर्चा के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। आपको बता दें कि, इस बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं छत्तीसगढ़ उपमुख्यमंत्री ने आज प्रदेश में जिला मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर संगठन में हो रहे विवाद को लेकर मीडिया से चर्चा में कहा है कि, प्रदेश में 477 मंडल वर्त्तमान में है, इन मंडलों में यदि किसी दो चार मंडलों में किसी तरह की कोई बात हुई है, तो यह बहुत ही सामान्य बात है, बीतें कई बार हमारे मंडल अध्यक्षों का चुनाव संपन्न हुआ है। इसके आलावा राजनितिक क्षेत्र में सभी की महत्वाकांक्षा रहती है, महत्वाकांक्षा को लकर एक दो जगहों पर विवाद की स्थिति बानी हुई थी.

# सिविल जज परीक्षा 2023 के परिणामों को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं खारिज

**रायपुर, 28दिसंबर।** बिलासपुर हाईकोर्ट ने सिविल जज परीक्षा 2023 के परिणामों को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है. परिणाम को लेकर याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि उनकी उत्तर पुस्तिकाओं को जांचा ही नहीं गया है. जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई की. सिविल जज परीक्षा 2023 (एंट्री लेवल) के परीक्षा में शामिल श्रेया उर्मलिया, हेमंत प्रसाद, पराग उपाध्याय, अनुराग केंवट , हेमू भारद्वाज समेत अन्य अभ्यर्थियों ने परिणाम को चुनौती देने हाईकोर्ट में रिट पिटीशन दायर की. याचिका में कहा गया कि, आयोग के परीक्षकों ने उनकी आंसर शीट को ठीक से नहीं जांचा है. इस वजह से उन सबका परिणाम प्रतिकूल रहा है. बता दें, कि पीएससी ने सिविल जज के 49 पदों के लिए 3 सितंबर 2023 को प्रारम्भिक परीक्षा हुई, जिसका परिणाम 24 जनवरी 2024 को आया. इसमें सभी याचिकाकर्ता सफल रहे. फिर 25 अगस्त 2024 को मुख्य परीक्षा ली गई. जिसका परिणाम 8 अक्टूबर 2024 को जारी किया गया. इस परीक्षा में पैटर्न बदले जाने की बात कही गई. इसके अनुसार अभ्यर्थियों को प्रश्न के ठीक नीचे ही दिए गये बॉक्स में उत्तर लिखना थ. इस तरह क्रमानुसार ही उत्तर देने थे. याचिकाकर्ताओं ने जवाब लिखते समय एक प्रश्न के नीचे किसी अन्य प्रश्न का जवाब लिख दिया. इसी वजह से पूर्व में दिए गये आयोग के निर्देशानुसार इन जवाबों की जांच नहीं की गई. मामले की सुनवाई के दौरान छत्तीसगढ़ पीएससी के अधिवक्ता डॉ. सुदीप अग्रवाल ने यह तथ्य पेश किया कि, उत्तर पुस्तिका में पहले ही यह बात उल्लेखित कर दी गई थी कि, पूछे गए प्रश्न के नीचे दिए गए निर्धारित सीमित स्थान पर ही उस प्रश्न का जवाब देना है अन्यथा वह दिया गया जवाब नहीं जांचा जायेगा. स्पष्ट निर्देश के बाद भी ऐसी गलती की गई. अधिवक्ता डॉ. सुदीप अग्रवाल ने कहा कि, 80 प्रतिशत लोगों ने सही तरीके से ही अपने जवाब दिए. केवल 20 प्रतिशत लोगों ने ही इस प्रकार की गलती की है. इनमे से सिर्फ 10 प्रतिशत उम्मदीवारों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है. उन्होंने हाईकोर्ट को यह भी बताया कि, 15 से 20 डिस्ट्रिक्ट जजों की कमेटी मूल्यांकन करती है. इस कमेटी ने भी परीक्षा के बाद अपना अभिमत दिया था कि, हर प्रश्न के नीचे ही उसका उत्तर देना था. सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि वर्तमान में ऐसे मामले नहीं हैं, जिनमें याचिकाकर्ताओं ने कुछ छोटी-मोटी गलतियां की हों, जैसे गलत रोल नंबर, उनकी संबंधित श्रेणियां, लिंग या कोई अन्य छोटी-मोटी औपचारिकताएं.

### नई मतदाता सूची से होगा पंचायत व निकाय चुनाव

**रायपुर 28 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में पंचायत व निकाय चुनाव अब नयी मतदाता सूची से होगी। इसे लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारी शुरू कर दी है। राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से इस संदर्भ में विधिवत आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 31 दिसंबर को होगा। वहीं अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को होगा। आपको बता दें कि हर साल 1 जनवरी से मतदाता पुनरीक्षण का काम चलता है। उसी नयी मतदाता सूची से चुनाव होता है। अगर पंचायत चुनाव का ऐलान 31 दिसंबर से पहले हो जाता, तो नयी मतदाता सूची की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन, आचार संहिता अब नये साल में ही लगेगा, लिहाजा मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य जरूरी होगा। आपको बता दें कि नगरीय निकाय चुनाव कब होंगे, इसे लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति है। लग रही तमाम अटकलों के बीच डिप्टी सीएम अरूण साव का बड़ बयान सामने आया है। उन्होने साफ किया है कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव बोर्ड परीक्षा से पहले ही संपन्न करा लिये जायेंगे। डिप्टी सीएम साव ने बताया कि 7 जनवरी के बाद कभी भी प्रदेश में आचार संहिता लग सकती है। वहीं चुनाव में मतदान ईवीएम मशीन की जगह बैलेट पेपर से होगा। डिप्टी सीएम ने साफ किया कि मशीन से मतदान की तैयारी में समय लग रहा था। इसलिए बैलट पेपर से चुनाव का निर्णय किया गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर असमंजस की स्थिति व्याप्त थी।

# भाजपा के 36 जिलाध्यक्षों के लिए पैनल तय,दिल्ली में होगा अंतिम फैसला

**रायपुर,28 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भाजपा संगठन के भीतर बड़े बदलाव की प्रक्रिया तेजी से चल रही है, जिसमें प्रदेश के 36 संगठनात्मक जिलों के लिए तीन-तीन नामों का पैनल शुक्रवार को तय कर लिया गया है। अब इस पैनल पर दिल्ली में रविवार को अंतिम निर्णय लिया जाएगा, जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता इन नामों पर चर्चा करेंगे। यह कदम पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र को सशक्त करने और आगामी चुनावी तैयारियों को धार देने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने रायपुर पहुंचकर प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ संगठन चुनाव की गहन समीक्षा की। इस समीक्षा के दौरान जिलाध्यक्षों के चयन के लिए तीन-तीन संभावित उम्मीदवारों का पैनल तैयार किया गया, जो पार्टी के आंतरिक चुनाव प्रक्रिया के तहत हुआ।

प्रत्येक जिले के लिए तीन नाम तय किए गए हैं, जिनमें संगठन के लंबे अनुभव वाले कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नए चेहरों को भी प्राथमिकता दी गई है। इन नामों को रविवार को दिल्ली में होने वाली बैठक में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा। जिलाध्यक्षों का चयन प्रदेश के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ आगामी पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। बैठक के दौरान पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने पदाधिकारियों को पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर तैयारी बढ़ाने के निर्देश दिए। पार्टी का लक्ष्य जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करते हुए अधिकतम सीटों पर विजय प्राप्त करना है।



### कुम्हारी टोल प्लाजा के पास गाय की खाल से भरा ट्रक पकड़ाया

**भिलाई,28 दिसंबर।** कुम्हारी टोल प्लाजा के पास गाय और अन्य जानवरों के खाल से भरे ट्रक को पकड़ा गया है. कुम्हारी थाना पुलिस और यातायात पुलिस की कार्रवाई के दौरान पॉयलेटिंग कर रहे दो आरोपी फरार हो गए, वहीं महाराष्ट्र पासिंग (MH 49) ट्रक के चालक के साथ दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है. बताया जा रहा है कि ट्रक महाराष्ट्र की ओर से आ रही थी, जिसकी जानकारी मिलने पर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता राजनांदगांव से ट्रक का पीछा करते आ रहे थे. आखिरकार कुम्हारी टोल प्लाजा के पास पुलिस की मदद को ट्रक को पकड़ने में कामयाबी पाई. ट्रक को रोकने की कार्रवाई से पहले ही ट्रक की पायलेटिंग कर रहे दो लोग फरार हो गए.

# मनमोहन सिंह के लिए स्मारक बनाने की कांग्रेस की मांग पर भड़कीं प्रणब मुखर्जी की बेटी

**नई दिल्ली,28 दिसंबर।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी कांग्रेस आलाकमान पर जमकर भड़कीं है। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस प्रस्ताव की आलोचना की है, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक अलग स्मारक बनाने की मांग की गई है। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने एक्स पर एक बयान में दावा किया कि जब अगस्त 2020 में उनके पिता और पूर्व भारतीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की मृत्यु हुई थी, तो कांग्रेस नेतृत्व ने कांग्रेस कार्य समिति द्वारा शोक सभा बुलाने की भी जहमत नहीं उठाई थी। शर्मिष्ठा ने उस दौरान कांग्रेस नेतृत्व पर इस मुद्दे पर उन्हें गुमराह करने का भी आरोप लगाया। शर्मिष्ठा के मुताबिक, कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने तब उनसे कहा था कि भारत के राष्ट्रपतियों के निधन पर पार्टी की कार्य समिति द्वारा शोक सभा बुलाने की परम्परा नहीं रही है। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कांग्रेस नेता के इस तर्क को पूरी तरह से बकवास बताते हुए यह भी दावा किया कि उन्हें अपने पिता की डायरियों से पता चला है कि एक और पूर्व भारतीय राष्ट्रपति के.आर नारायणन के निधन पर सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाई गई थी और शोक संदेश का मसौदा किसी और ने नहीं बल्कि खुद उनके पिता प्रणब मुखर्जी ने तैयार किया था। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने पूर्व कांग्रेस नेता सी.आर. केसवन की एक अन्य पोस्ट का हवाला दिया है, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया था कि कैसे कांग्रेस ने पार्टी के अन्य राजनेताओं की सिर्फ इसलिए उपेक्षा की क्योंकि वे 'गांधी' परिवार के सदस्य नहीं थे। शर्मिष्ठा ने इस मुद्दे पर, 2004 से 2009 तक डॉ. मनमोहन सिंह के मीडिया सलाहकार और फाइनेंशियल एक्सप्रेस के पूर्व प्रधान संपादक डॉ. संजय बारू द्वारा लिखी गई पुस्तक 'द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर' के एक अध्याय का संदर्भ दिया। बारू ने अपनी किताब में उल्लेख किया है कि कैसे कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव के लिए दिल्ली में कभी कोई स्मारक नहीं बनाया, जिनका 2004 में निधन हुआ था।

**शर्मिष्ठा बोलीं- 'बाबा के निधन पर शोक सभा तक नहीं**



# केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ी, महिला सम्मान योजना की होगी जांच, एलजी ने दिए आदेश

**नई दिल्ली,28 दिसंबर।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका देते हुए एलजी वीके सक्सेना ने शनिवार को महिला सम्मान योजना के नाम पर पंजीकरण कराने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया। पुलिस कमिश्नर को यह आदेश कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित की शिकायत पर दिया गया। कैंप लगाकर रजिस्ट्रेशन कराने वालों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। दिल्ली के प्रधान सचिव एलजी ने दिल्ली की प्रत्येक महिला (18 वर्ष से अधिक) को आम आदमी पार्टी द्वारा की गई घोषणा के संबंध में मुख्य सचिव, दिल्ली और पुलिस आयुक्त, दिल्ली को पत्र लिखा है। 1000 प्रति माह, और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में वापस निर्वाचित होने पर राशि को बढ़ाकर 2100 रुपये प्रति माह कर दिया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एलजी की इच्छा है कि मुख्य सचिव गैर-सरकारी लोगों द्वारा व्यक्तिगत विवरण और फॉर्म एकत्र करने के मामले में मंडलायुक्त के माध्यम से जांच कराएं। इसके अलावा, पुलिस आयुक्त फील्ड अधिकारियों को उस व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दे सकते हैं जो लाभ देने की आड़ में भोले-भाले नागरिकों की निजी जानकारी एकत्र करके उनकी गोपनीयता का उल्लंघन कर रहे हैं। दिल्ली सरकार के एक विभाग ने कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए एकत्र किया जा रहा डेटा धोखाधड़ी का मामला है, उन्होंने कहा कि वे महिलाओं से फोन नंबर और पते एकत्र कर रहे हैं। दीक्षित ने कहा कि हम कह रहे हैं कि अगर यह धोखाधड़ी का मामला है, तो इसकी जांच की जानी चाहिए।



एक नजर

## नशे के सौदागरों को संरक्षण देने वाले आरक्षकों को एसपी ने किया सस्पेंड

**भिलाई, 28 दिसंबर।** दुर्ग। दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने अलग-अलग थाना में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक और तीन आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसमें प्रधान आरक्षक 1384 शाहिद खान सहित आरक्षक 1539 बेदराम बंदे, आरक्षक 1806 तारकेश्वर साहू व आरक्षक 1475 संतोष सोनी शामिल हैं। इन खाकी वर्दी धारियों को नशे के सौदागरों से गहरे ताल्लुकात रखना भारी पड़ा है।निलंबन अवधि के दौरान इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलता रहेगा। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला की इस कार्यवाही से भिलाई दुर्ग पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने नशे के सौदागरों से गहरी ताल्लुकात रखने के आरोप में एक प्रधान आरक्षक एवं तीन आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर जांच के आदेश दे दिए हैं नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग एक सप्ताह के भीतर इस मामले की जांच कर प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। गुरुवार 26 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने थाना मोहन नगर के अपराध क्रमांक 660/2024 धारा 20 (बी), 27 (क) नारकोटिक एक्ट के प्रकरण में प्रधान आरक्षक 1384 शाहिद खान वर्तमान तैनाती थाना दुर्ग कोतवाली तत्कालीन तैनाती थाना मोहन नगर, आरक्षक 1539 बेदराम बंधे तैनाती थाना मोहन नगर, आरक्षक 1806 तारकेश्वर साहू तैनाती थाना मोहन नगर एवं आरक्षक 1475 संतोष सोनी तैनाती (पुलिस चौकी स्मृति नगर) थाना सुपेला की अपराधियों से संलिप्तता पाए जाने से उपर्युक्त कर्मचारियों को 26.12.2024 के अपराह्न से निलंबित कर रक्षित केन्द्र, दुर्ग में सम्बद्ध किया है। आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में उपर्युक्त कर्मचारियों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग, प्रकरण की प्राथमिक जांच कर 07 दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रेषित करें।

## सहकारी बैंक में 78 लाख की हेराफेरी

**भिलाई, 28 दिसंबर।** भिलाई जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की भिलाई-तीन शाखा सेवा सहकारी समिति के तत्कालीन प्रबंधक समेत तीन कर्मचारियों ने मिलकर 78 लाख 74 हजार 263 रुपये की हेरफेरी की है आरोपितों ने वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के दौरान बैंक के हिसाब किताब में गड़बड़ी कर पूरी राशि का गबन किया। गड़बड़ी की जानकारी लगने के बाद जब इसकी जांच शुरू की गई तो आरोपितों ने बैंक के दस्तावेजों को गायब कर दिया। इसके बाद इस मामले की जांच के लिए एक टीम गठित की गई। टीम ने तीनों कर्मचारियों को दोषी पाया और उनकी रिपोर्ट के आधार पर पुरानी भिलाई पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन की धाराओं के तहत प्राथमिकी की है भिलाई तीन टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी सुरेंद्र सिंह भुवाल ने इस मामले की भिलाई तीन थाने पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस ने भिलाई-तीन सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक नीति दीवान, सहायक समिति प्रबंधक गजानंद शिर्के और सहायक लिपिक गोपाल वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी की गई है आरोपितों ने समिति के आश्रित ग्राम, सोमनी, गनियारी, चरोदा और उमदा के कृषकों के नगद आहरण, खाद, बीज, धान खरीदी के बचत काउंटर के हिसाब में गड़बड़ी कर आर्थिक अनियमितता की है आरोपितों ने दोनों वित्तीय वर्ष में किए गए लेनदेन को सही तरीके से समिति के रजिस्टर में दर्ज नहीं किया किसानों के पासबुक की जांच से आरोपितों द्वारा की गई गड़बड़ी की पुष्टि हुई इसके बाद यह मामला पुलिस के पास पहुंचा

## घर में चोरी

**भिलाई, 28 दिसंबर।** भिलाई रसमड़ा की एक स्टील कंपनी के ग्राम सिलोदा स्थित घर पर लाखों रुपये की चोरी हुई है। अज्ञात आरोपित ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर और 60 हजार रुपये नकद चोरी कर लिया अंजोरा चौकी पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू की है अंजोरा पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता महेंद्र कुमार यादव 25 दिसंबर को परिवार के साथ बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए अपने ससुराल शिवपारा दुर्ग गया था वहां से वह सुबह अपने घर पहुंचा पीड़ित मुख्य दरवाजे का ताला खोलकर अंदर गया तो उसे चैनल गेट का ताला टूटा मिला घर का सारा सामान बिखरा था आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण और 60 हजार रुपये नकद नहीं थे चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब पांच लाख 60 हजार रुपये आकी गई है आरोपित का सुराग तलाशने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है ।

## लूट के आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 28 दिसंबर।** अपनी मां के लिए दवाई लेकर घर जा रहे एक युवक से मारपीट कर 1,250 रुपये नकद और मोबाइल फोन लूटने वाले चार बदमाशों को भिलाई नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बुधवार की रात को चारों आरोपितों ने हास्पिटल सेक्टर के पास लूटपाट की थी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ लूट की धारा के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि 32 बंगला सर्वेंट क्वार्टर निवासी शिकायतकर्ता सूरज तांडी ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी बुधवार की रात करीब 11-30 बजे वह सेक्टर-नौ से दवाई लेकर घर जा रहा था तभी रास्ते में हास्पिटल सेक्टर निवासी 40 वर्षीय आर सैमुअल, 24 वर्षीय आर. सोनू, 27 वर्षीय राजा और दया नगर रिसाली निवासी 19 वर्षीय जोसवा अब्राहम ने पीड़ित को रोका आरोपितों ने उससे पांच हजार रुपये की मांग की। पीड़ित ने रुपये न होने की बात कही तो आरोपितों ने उससे मारपीट कर उससे लूटपाट की थी घटना की शिकायत के बाद भिलाई नगर थाने पुलिस ने उसकी पतासाजी शुरू की और चारों आरोपितों को गिरफ्तार किया उनके खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय पेश किया गया, जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया है ।

# कबीरधाम जिले की पांच सिंचाई योजनाओं के भू-अर्जन के लिए 53 करोड़ 95 लाख की राशि राज्य शासन से मंजूर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 28 दिसंबर।** कबीरधाम जिले में पांच सिंचाई योजनाओं के अंतर्गत भू-अर्जन प्रकरणों के निराकरण के लिए राज्य शासन से 53 करोड़ 95 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। जल संसाधन विभाग द्वारा इन योजनाओं के लिए ई-कुबेर के माध्यम से 80 प्रतिशत राशि जमा कर दी गई है। इन योजनाओं के तहत जिले के 42 ग्रामों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है, जिसमें 716 किसान प्रभावित होंगे और 149.229 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने शनिवार को भू-अर्जन प्रकरणों के शीघ्र और प्रभावी निराकरण के लिए एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी तथा जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ और सब-इंजीनियरों को निर्देशित किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सभी आवश्यक दस्तावेजों और रिकॉर्ड के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित हो। कलेक्टर ने पटवारियों को विशेष रूप से बस्ते के साथ बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

इन योजनाओं के क्रियान्वयन से जिले में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा और किसानों को उनकी कृषि भूमि पर बेहतर उत्पादन का अवसर मिलेगा। भू-अर्जन प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए गए हैं।जिले की इन पांच सिंचाई परियोजनाओं में 42 ग्रामों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है, जिसमें 716 किसान प्रभावित होंगे और 149.229 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इन परियोजनाओं में घटोला जलाशय, जगमड़वा जलाशय, बड़ौदा खुर्द जलाशय, रामपुर बरेंडा व्यपवर्तन और हॉप नदी व्यपवर्तन योजना शामिल हैं।

घटोला जलाशय परियोजना के अंतर्गत तीन ग्रामों के 26 किसान प्रभावित होंगे, जिनकी 8.472 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें ग्राम घटोला, सराई पतेरा और नवागांव शामिल हैं। जगमड़वा जलाशय परियोजना के अंतर्गत 15 ग्रामों के 286 किसान, 67.79 हेक्टेयर भूमि, बड़ौदा खुर्द परियोजना में 13 ग्रामों के 205 किसान, 44.260 हेक्टेयर भूमि, रामपुर बरेंडा जलाशय में दो ग्रामों के 56 किसान, 5.786 हेक्टेयर भूमि और हॉप नदी व्यपवर्तन योजना में 9 ग्रामों के 141 किसान, 22.920 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अर्जन श्री आर.बी. देवांगन ने बताया कि राज्य शासन से इन पांचों सिंचाई योजनाओं के अंतर्गत भू-अर्जन के लिए 53 करोड़ 95 लाख रूपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है और जल संसाधन विभाग द्वारा ई-कुबेर के माध्यम से यह राशि जमा कर दी गई है।



## पार्षद सीमा के जन्मदिन समारोह में बंछोर हुए शामिल

**जामुल।** जामुल के हृदय स्थल वार्ड 9 रावण भांठा के पार्षद श्रीमती सीमा अरविंद यादव के निवास में केक काटकर बधाई व शुभकामनाएं दिया गया।

इस शुभ मुहूर्त पर जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष अरुण यादव, दीपक सिंह, हाई स्कूल शाला विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी छत्रिय, अश्वनी पांडे, बी आर रामटेके, कुलेश्वर वर्मा, ओमप्रकाश साहू सहित घर के बुजुर्ग व बच्चे उपस्थित रहे।

## डीएवी सेक्टर-2 में उमंग के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

**भिलाई, 28 दिसंबर।** डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 ने बृहस्पतिवार को अपना छठवां वार्षिक समारोह धरोहर राइजिंग जेनरेशन नेक्स्ट उत्साह और उमंग के साथ मनाया। मुख्य अतिथि बीएसपी के ईडी बिपिन कुमार गिरि थे। विशिष्ट अतिथि डीएवी इंस्टीट्यूशंस सीजी जोन के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार तथा सीजीएम प्रभारी व एलएमसी अध्यक्ष तापस दासगुप्ता, श्रीमती पारोमिता दास गुप्ता, श्रीमती सुभ्रता कुमार, डीएवी नंदिनी माइंस की प्रिंसिपल योगिता शर्मा, भाजपा की प्रदेश मंत्री श्रीमती तुलसी साहू उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रों के साथ हुई। इसके बाद राज्य गीत और डीएवी गान हुआ। स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका शुक्ला ने अतिथियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक, स्वागत गीत के साथ हुई। प्रिंसिपल प्रियंका शुक्ला ने शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल की उपलब्धियों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया क्योंकि कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छोटे सितारे अपनी रंग-बिरंगे पोशाक में मंच पर उपस्थित हुए। इसके अलावा बच्चे राइम्स एन रिदम, मस्ती भरा बचपन और मिक्स्ड बैग में पुराने जमाने के गानों पर जमकर थिरके। बच्चों ने कुछ प्रसिद्ध टॉलीवुड गानों की धुन पर नृत्य करके समा बांध दिया। कक्षा चौथी और पांचवी के बच्चों ने भारत के कुछ राज्यों की विभिन्न क्षेत्रीय वेशभूषाओं को प्रदर्शित करते हुए रैंप वॉक किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि विपिन कुमार गिरि ने कहा डीएवी में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्य भी सिखाए जाते हैं, उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों को मोबाइल से दूर रखें मोबाइल हमारे लिए है हम मोबाइल के लिए नहीं। सम्मानित अतिथि प्रशांत कुमार ने कहा कि डीएवी के विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में आगे हैं । इस मौके पर सत्र 2023-24 के शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुति के दौरान छात्रों ने मोबाइल की लत और हमारे नियमित जीवन पर इसके हानिकारक प्रभावों पर एक शो प्रस्तुत किया।इसी तरह फ्यूजन डांस में जहां छात्रों ने अपनी पूरी ऊर्जा और जुनून के साथ पारंपरिक, पश्चिमी और आधुनिक नृत्य को प्रस्तुत किया तो वहीं कठपुतली शो के माध्यम से राजस्थानी नृत्य पर पूरी तरह से तालमेल बिठाया जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं वार्षिक दिवस समारोह का समापन लोक-मनोरंजन उत्सव के रूप में छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्यों के लोक नृत्य के साथ हुआ। श्रीमती माया विनोद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों से किया जवाब तलब

**भिलाई, 28 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक बुलाई, जिससे चल रहे विकास/निर्माण कार्यो में और गति लाया जा सके। वर्ष 2023 से शुरू हुए सभी निर्माण कार्यों की समय अवधि लगभग पूर्ण हो रही है और जिन कार्यो में विलंब हो रहा है। उसे समय अवधि में पूर्ण करने हेतु आयुक्त ने सभी जोन आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किये कि सभी कार्यो को दिए गए समय पर पूर्ण कराएं। तालाबों का सीमांकन किया जाए। उसको नगर निगम के राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किया जाए। जिससे कोई भी व्यक्ति तालाब के किनारे अतिक्रमण न कर सके। आयुक्त पाण्डेय ने यह भी कहा कि आयुष्मान कार्ड सभी वार्डो में बनाये जा रहे हैं, उसके बनाने की गति को तेज किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग आयुष्मान कार्ड बनवाकर लाभ ले सकें। साथ ही नवीन राशन कार्ड बहुत से बनकर राशन दुकानो पर रखे हैं, उसका शिविर प्रत्येक सोमवार को सुबह 11 से 4 तक जोन कार्यालय में लगाये जा



रहे है। हितग्राही जोन कार्यालय में, राशन दुकानों में आकर अपना नवीन राशन कार्ड लेकर जा रहे हैं किन्तु इस कार्य में और गति लाने की आवश्यकता है, जिससे समय अवधि के अंदर सभी के पास नव राशन कार्ड पहुंच जाए। सामुदायिक सुलभ शौचालय के जीर्णोद्वारा, निर्माण आदि का कार्य सभी जोन क्षेत्र में चल रहा है उसे गुणवत्तापूर्ण समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियो को दिए हैं। इसी प्रकार पेयजल व्यवस्था में सतत निगरानी रखी जाए, जहां कही भी नल की टोटी टूटी मिले या पाईप में लिकेज दिखे उसे शीघ्र संधारण किया जाए। घरों से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है नागरिक को समझाइस दी जाए कि अपने घर से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरा को पृथक कर देवें, जिससे गीला एवं सूखा कचरा अलग करने में परेशानी न हो। अगर कोई नहीं मानता है तो उनके ऊपर चालानी कार्रवाई की जाए। उन घरों से कचरा लेना बंद किया जाए जो लोग बार-बार समझाने के बाद भी गीला कचरा सूखा कचरा एक में मिला कर देते हैं। गौरतलब है, कि नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता दीदियों एवं हमारे जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार समझाइश दी जा रही है कि गीला एवं सूखा कचरा अलग कर दें। किन्तु आदत से मजबूर लोग एक ही में कचरा मिलाकर दे रहे हैं। इससे सफाई व्यवस्था में बहुत परेशानी होती है। बैठक के दौरान मुख्य अभियंता, सभी अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, राजस्व अधिकारी, उप अभियंता, उद्यान अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गौ-सेवा से जुड़े सेवकों का सम्मान एवं संगोष्ठी



**भिलाई, 28 दिसंबर।** छ.ग.शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर सुशासन का एक वर्ष, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के स्लोगन के साथ कामधेनु विज्ञान अनुसंधान केंद्र एवं गायत्री गौशाला, पचपेड़ी (पहंडोर) में गौ पूजन, गौ सेवा से जुड़े सेवकों का सम्मान एवं गौ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत गौ माता की पूजा उपरांत गौमाता की उत्पत्ति और संरक्षण, गौ उत्पादों की महत्ता पर चर्चा-परिचर्चा के साथ साथ पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। गौशाला प्रबंधन समिति की ओर से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अरुण मढ़ारिया द्वारा विशेष रूप से गौ उत्पादों के महत्व एवं गौ उत्पाद आधारित वैकल्पिक चिकित्सा व पंचगव्य चिकित्सा के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। गौ सेवा से जुड़े सेवकों को श्रीफल, साल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे गौशाला अध्यक्ष श्रीमति संध्या मढ़रिया, पुरुषोत्तम मढ़रिया, हरिश चन्द्राकर, घासी चन्द्राकर, सरपंच ग्राम पहडोर, पशु चिकित्सा विभाग से डॉ संजय सिंघानिया, के एल देवांगन, एम एस चंद्राकर, एस एम शुक्ला, डी के साहू, पुरुषोत्तम जांगड़े मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई से डॉ रवि वैष्णव एवं सेजल तथा गौशाला से शिव,दुखु साहू, गेंदलाल यादव, छतरलाल साहू, इन्द्राणी यादव, भूमिका यादव, अजय पात्रा, झरना पात्रा और श्रीराम कुटीर( घायल व बीमार पशु, गौमाता के इलाज व सेवा हेतु समर्पित संस्था) से भरत और उमेश साहू एवं स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## सड़क किनारे अवैध रूप से बिल्डिंग मटेरियल गुमटी रखने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई



भिलाई, 28 दिसंबर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत हुड़को क्षेत्र में दिव्या कन्सट्रक्शन स्टील सप्लायर द्वारा सामग्री रखकर व्यापार किया जा रहा था। स्थानीय निवासियो द्वारा शिकायत की गई, जिसके आधार पर कलेक्टर महोदया सुश्री ऋचा प्रकाश चैधरी के निर्देश पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन 01 के अधिकारियो को निर्देशित किए, कि स्थल का जांच करे। राजस्व की टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान देखा की दिव्या कन्सट्रक्शन के संचालक द्वारा सड़क किनारे सामग्री रखकर विक्रय किया जा रहा है। नगर निगम का दल पहुचने से पहले ही सप्लायर दुकान बंद करके भाग गया। कार्यपालक मजिस्ट्रेट फुलेश्वरनाथ खुटे, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के उपस्थिति में मौके पर पंचनामा बनाकर बिल्डिंग मटेरियल सामग्री को जप्त किया गया। इसी प्रकार जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर क्षेत्र वार्ड 41 छावनी लक्ष्मण नगर, ट्रांसपोर्ट नगर पहुंच मार्ग के समीप अवैध रूप से संचालित गुमटियों को पुलिस बल, जोन आयुक्त सतीश यादव की उपस्थिति में बेदखली की कार्यवाही कर गुमटियों को हटाया गया। कार्यवाही के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, बालकृष्ण नायडू, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, पुलिस विभाग से सहायक निरीक्षक भूपेन्द्र यादव एवं निगम के स्वास्थ्य विभाग से सागर दुबे, प्रहलाद लहरी, दुर्याधन साहू, गणित बघेल, कन्हैया यादव, गौकरण कुर्रे, खेमलाल उपस्थित थे।

## मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई, 28 दिसंबर।** वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 28 दिसम्बर से 04 जनवरी 2025 के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैं- 28 दिसम्बर को मरोदा सेक्टर, 30 को सेक्टर-10, 31 को सेक्टर-06 का एक तिहाई हिस्सा, रसियन कॉम्प्लेक्स व बीएमडीसी, 1 जनवरी 2025 को सेक्टर-7 का आधा हिस्सा व सेक्टर-8, 2 को सेक्टर-06 का एक तिहाई हिस्सा व सेक्टर-2 का आधा हिस्सा, 3 को सेक्टर-06 का एक तिहाई हिस्सा तथा 04 जनवरी 2025 को खुर्सीपार जोन 2 व 3। उपरोक्त क्षेत्रों में उल्लेखित दिनांकों को प्रातः 10 से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच का पारिवारिक परिचय सम्मेलन संपन्न

**भिलाई, 28 दिसंबर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा 29 वां पारिवारिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। दिन भर चले सम्मेलन में सौ से अधिक परिवारों ने विवाह योग्य प्रस्ताव की जानकारी प्राप्त की। मुख्य अतिथि अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी, अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय, बिलासपुर के कुलपति तथा विशिष्ट अतिथि बच्चू पांडेय, अध्यक्ष कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, नागपुर, प्रेम शंकर तिवारी, सेवानिवृत्त डिप्टी कमांडेंट, राजेन्द्र प्रसाद दीक्षित, प्रोफेसर, राजनांदगांव की उपस्थिति में संपन्न



हुआ। आयोजन के साथ ही साथ समाज के 75 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ सदस्यों पंडित अशोक कुमार शुक्ला, संरक्षक सदस्य तथा आजीवन सदस्य पंडित महेश कुमार शुक्ला, पंडित अवधेश नारायण द्विवेदी, पंडित संतोष पाण्डेय एवं पंकज द्विवेदी को कौस्तुभ सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में अशोक कुमार, भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व प्रबंध निदेशक एस एस वर्मा, भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कार्यपालक निदेशक अनिल शर्मा, संयंत्र के पूर्व महाप्रबंधक सी आई आई भट्ट संयंत्र के पूर्व महाप्रबंधक विशेष रूप से उपस्थित थे। अरुण शुक्ला अध्यक्ष कान्यकुब्ज रायपुर एवं सुरेश मिश्रा महासचिव कान्यकुब्ज सभा, रायपुर, इस समारोह के द्वितीय सत्र-परिचय सम्मेलन में शामिल हुए। कान्यकुब्ज समाजिक चेतना मंच, भिलाई के संरक्षक प्रमुख और भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कार्यपालक निदेशक पंडित बृजमोहन कुमार बाजपेई द्वारा लिखित इस्पाती जीवन के रोमांचक अनुभव पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

## भिलाई के मिल्खा सिंह भागवत राम नेताम की सफलता और संघर्ष की प्रेरणादायक यात्रा

**भिलाई, 28 दिसंबर।** जब हम सफलता की कहानियाँ सुनते हैं, तो हमें अक्सर उन लोगों की यात्रा पर ध्यान जाता है जिन्होंने अपार संघर्षों को पार कर ऊँचाइयों तक पहुँचने का साहस और धैर्य दिखाया। ऐसी ही मैराथन के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक कहानी छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के छोटे से गाँव हथौद से निकलकर आती है। ये कहानी है भिलाई इस्पात संयंत्र में इंजीनियरिंग एसोसिएट के पद पर कार्यरत भागवत राम नेताम की। उनका जीवन एक सजीव उदाहरण है कि यदि आत्मविश्वास और मेहनत



हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। नेताम को उनके स्कूल के दिनों से ही दौड़ने का शौक था, लेकिन शुरुआत में उन्हें उतने मौके नहीं मिले। उनकी यात्रा 1993-94 में बीएसपी में ट्रेड अप्रेंटिस के रूप में शुरू हुई। भागवत राम नेताम मैराथन धावक अपने सपनों को पूरा करने के लिए बीएसपी में ड्यूटी करते हुए रोज़ाना घंटों तक कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने बताया कि बीएसपी में ज्वाइन करने के बाद उन्हें संसाधन, मार्गदर्शन और अपने अधिकारियों से उन्हें निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहा। भागवत राम नेताम ने 15 दिसंबर 2024 को नया रायपुर सोल्जरथॉन में 21 किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें सम्मान स्वरूप 7000 रुपये, एक ट्रॉफी और गिफ्ट हैंपर दिया गया। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ सहयोगी साख समिति मर्यादित, भिलाई नगर द्वारा भी उन्हें प्रतिभावान खिलाडी के रूप में विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। यह उनकी मेहनत और संघर्ष का फल था, जो उन्होंने अपने परिवार और मार्गदर्शकों की मदद से प्राप्त किया। उनकी पत्नी, बेटा और बहू भी %रन फॉर सेल% जैसे कार्यक्रमों में के विजेता रह चुके हैं।

## एक नजर

### पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को महापौर ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव 28 दिसंबर।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्वर्गवास होने पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक दो बार प्रधानमंत्री रहे, इससे पहले वे वित्त मंत्री एवं वित्त सचिव भी रह चुके है। उन्होंने कहा कि अर्थ व्यवस्था के सुदृढीकरण में उनकी देश में महती भूमिका थी। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह जी पूरे देश में मिल का पत्थर साबित हुये। उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में मनरेगा योजना प्रारंभ हुआ, जिससे करीब 14 करोड लोग गरीबी से बाहर आये और देश की आर्थिक सुदृढता बनी रही। इसके साथ ही शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार व सूचना के अधिकार को बहुत महत्वपूर्ण ढंग से संचालित किये। उन्होंने कहा कि देश ने अपना एक सबसे विशिष्ट व्यक्ति खो दिया, जिन्हें भारत ही न ही वरन पूरा विश्व उन्हें आर्थिक अर्थव्यवस्था पर माहिर प्रधानमंत्री मानते थे। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में जन्मे डॉ. मनमोहन सिंह विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण किये। देश की उन्नति मे उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैक के गर्वनर जैसे महत्वपूर्ण पद में कार्य कर उन्होंने देश को आर्थिक संबल प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह जी की सादगी, सौम्यता और देश के प्रति उनकी भावना तथा किये गये कार्य को भुलाया नहीं जा सकता।

### ग्रीन आर्मी स्टेट बॉडी एवं सेंट्रल कोर कमेटी का शपथ ग्रहण सम्पन्न

**रायपुर 28 दिसंबर।** पर्यावरण संरक्षण हेतु अग्रणी संस्था, ग्रीन आर्मी का निवार्चन प्रक्रिया विगत दिनों संपन्न हुआ। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियो एवं सदस्यों हेतु आज वृंदावन हाल सिविल लाइन रायपुर में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार जगत के जाने माने उद्यमी श्री राजेश अग्रवाल जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, अग्रवाल जी ने ग्रीन आर्मी के सराहना करते हुए कहा कि संस्था अमिताभ जी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए शानदार कार्य कर रही है यह पर्यावरण संरक्षण के लिए एक वरदान साबित हो रही है, संस्था के प्रयास से एक दिन संपूर्ण छत्तीसगढ़ हराभरा और हरियर छत्तीसगढ़ होगा। शपथ ग्रहण केवल औपचारिकता नहीं यह एक जिम्मेदारी है, इस हेतु भावनाओ से कार्य करे, अपने भाव को प्रकट करे, आर्मी का अर्थ ही अनुशासन, देश, धरतीमाता मिट्टी से प्रेम है, इसलिए संकल्पित होकर कार्य करें। शपथ अधिकारी डॉ कुलदीप दुबे ने कहा ग्रीन आर्मी पहले रायपुर में कार्य कर रही थी अब संपूर्ण छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने हेतु प्रयास कर रही है। ग्रीन आर्मी अध्यक्ष श्री गुरदीप टुटेजा जी ने अध्यक्षीय रिपोर्ट पढ़ते हुए, वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी प्रदान किये। संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतू पूरे शाल भर कार्य किये जाते है जिसे मिडिया प्रभारी शशीकांत यदु द्वारा डिजिटल स्लाईडर शो एवं विडियो के माध्यम से बारीकी से जानकारी प्रदान किया गया जो कि ध्यानाकर्षण केन्द्र बना रहा।

### मनरेगा योजना के तहत मिश्रित वृक्षारोपण कार्य से योगेश की बदली तकदीर

**धमतरी 28 दिसंबर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जिले के धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवरी में मिश्रित वृक्षारोपण कार्य होने से योगेश चन्द्राकर की तकदीर बदल गई। एक ओर योगेश के जीवन में खुशहाली आयी दूसरी ओर आर्थिक रूप से समृद्ध हुए। किसानी करना और आजीविका संवर्धन के लिए नये नये कार्यों को मेहनत के बल से सिरजाना योगेश के फितरत में है। इनकी बेहतरी और खुशहाली से घर को सशक्त और स्वर्ग बनाया जा सकता है। इस मर्म को समझकर देवरी निवासी योगेश चन्द्राकर ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत अधिकाधिक आर्थिक उपार्जन के लिए मिश्रित वृक्षारोपण कार्य में अंतरवर्तीय फसल टमाटर, बैगन, धनिया, मिर्च, फूलगोभी, प्याजभाजी लेने का फैसला लिया। इसी का परिणाम है कि मिश्रित वृक्षारोपण कार्य में अंतरवर्तीय फसल को आमदनी का जरिया मानते हुए परिवार को समृद्धि की ओर ले रहा है। मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत देवरी के किसान योगेश चन्द्राकर आर्थिक रूप से सशक्त होकर तेजी से पुष्पित और पल्लवित होने लगे हैं । क्षेत्र के किसानों के लिए एक उदाहरण बने हुए हैं। जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत देवरी की दूरी 30 किलोमीटर है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत राशि - 13.85 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति से कुल पांच एकड़ भूमि में मिश्रित वृक्षारोपण कार्य कराये गये हैं। इस योजना के तहत सीताफल, आंवला, मुनगा, केला, पपीता, अमरुद, नीबू, कटहल, हल्दी, बोहार भाजी, आम, जामुन, बेर एवं करौंदा जैसे विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपण होने से किसान योगेश चन्द्राकर को अर्थव्यवस्था में वृद्धि के लिए नई जिंदगी मिली है। साथ ही साथ चेहरे पर मुस्कान बिखेरकर उन्हें आत्मनिर्भर बना दिया। अब परिवार की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**धमतरी 28 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में संचालित सभी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उनसे शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण के लिए वेबसाईट https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन/नवीनीकरण) 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक, ड्रॉफ्ट प्रपोजल लॉक करने की तिथि 01 जनवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक और सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए 01 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक तिथि निर्धारित की गई है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा प्रारंभ

**रायपुर, 28 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट सर्जरी विभाग के कुशल डॉक्टरों की टीम ने 50 वर्षीय महिला की सफल ओपन हार्ट सर्जरी कर मरीज को नया जीवन दिया है। हार्ट सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में यह सफल ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के बाद महिला की हालत ठीक है तथा वह अभी डॉक्टरों की देखरेख में है। मरीज का वाल्व रिप्लेसमेंट हुआ है।



स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राज्य के निवासियों को नए वर्ष के आगमन पर ओपन हार्ट सर्जरी सुविधा की शुरुआत के लिए अस्पताल प्रबंधन को अपनी तरफ से शुभकामनाएं दी हैं। श्री जायसवाल ने कहा है कि बहुत जल्द ही यहां बाईपास सर्जरी की शुरुआत भी होगी।

महासमुंद निवासी 50 वर्षीय महिला मरीज को लगभग तीन साल से सांस फूलने की शिकायत थी। थोड़ा भी काम करने से हृदय की धड़कन बढ़ जाती थी जिसे हार्ट पल्पिटेशन कहा जाता है। अपनी इन्हीं समस्याओं के साथ महिला अम्बेडकर अस्पताल के एडवांस्ड कार्डियक इंस्टीट्यूट के हार्ट सर्जरी विभाग में डॉ. कृष्णकांत साहू के पास पहुंची। उन्होंने मरीज की पूरी जांच की। जाँच में पता चला कि हार्ट के वाल्व में सिकुड़न है और एक वाल्व में लीकेज है। हार्ट का वाल्व इतना सिकुड़ गया था कि इनको डॉक्टर ने 3 साल पहले ही ऑपरेशन की सलाह दी थी मगर ओपन हार्ट सर्जरी का नाम सुनकर मरीज तथा उसके परिवार के लोग घबरा गए और उस वक्त उन्होंने ओपन हार्ट सर्जरी करवाने से मना कर दिया फिर उसके बाद समस्या बढ़ती गई और मरीज पुनः एक बार फिर डॉ. कृष्णकांत साहू के पास पहुंची, जहां पर उन्होंने ने महिला को ओपन हार्ट सर्जरी से संबंधित सभी जानकारी दी। उनकी काउंसलिंग की। सर्जरी के पश्चात स्वास्थ्य में होने वाले सुधार के बारे में विस्तार से बताया।

डॉ. कृष्णकांत साहू ने मरीज की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर को केस की गंभीरता तथा ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता के बारे में बताया। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल के निर्देश पर तत्काल कार्डियक एनेस्थेटिस्ट, परफ्यूजनिस्ट तथा अन्य मानव संसाधन की व्यवस्था की गई । अंततः 26 दिसंबर को मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी की गई तथा मरीज के हृदय में कृत्रिम वाल्व का प्रत्यारोपण किया और एक वाल्व को रिपेयर किया। इस ऑपरेशन को मेडिकल भाषा में माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट बाय यूजिंग बाईलीफलेट मैटेलिक प्रोस्थेटिक वाल्व प्लस ट्राईकस्पिड वाल्व रिपेयर अंडर हार्टलंग मशीन कहा जाता है।

## भगवान के लिए मोल नहीं अनमोल भाव रखें : पंडित लक्ष्मीकांत तिवारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 28 दिसंबर।** भागवत और भगवान की कथा से लोग सुधरे हैं और सुधरते हैं ,जो सुधरना चाहते हैं उन्हें भगवान की कथा अवश्य सुधारती है उक्त सारगर्भित बातें स्व.होरी लाल पंसारी की स्मृति में पंसारी परिवार के द्वारा आयोजित श्री मद भागवत महापुराण कथा में रायपुर से पधारे कथा वाचक पंडित लक्ष्मी कांत तिवारी ने कही। कथा श्रवण करने पहुंचे ब्रम्हचारी आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी चल रहे भागवत कथा में संत त्रिलोचन ने भी श्री मद भागवत महापुराण कथा श्रवण लाभ लिया । कथा को आगे बढ़ाते हुए श्री तिवारी ने बताया कि जिस कथा में संत महंतों का आगमन हो जाए समझो स्वयं नारायण का आगमन हो गया ,उन्होंने व्यास पीठ से संत ब्रह्मचारी जी का आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद व्यक्त किया, और श्रावकों को बताया कि संतों का संग और सत्संग करते रहिए जीवन में पात्रता और पवित्रता जरूर आएगी ।छत्तीसगढ़ के मशहूर भजन गायक क्रांति कार्तिक के भजन से झूमे श्रोता कथा रसपान के साथ साथ पंसारी परिवार के द्वारा बतौर आमंत्रित अतिथि के रूप कथा श्रवण करने पहुंचे छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक क्रांति कार्तिक यादव ने भी डोरी सांस के बंधे बम भोला ले को सुनाकर श्रोताओं को झूमने और नाचने पर मजबूर कर दिया। कथा व्यास से पंडित श्रीकांत तिवारी ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया उक्त दिवस की कथा में महराज श्री ने ध्रुव चरित्र प्रहलाद चरित्र की कथा के साथ सती कथा का रसपान भी कराया।

## छत्तीसगढ़ कलार समाज के तत्वावधान में युवक-युवती परिचय एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

**रायपुर 28 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज रायपुर द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 25 दिसम्बर 2024 को पंडित दीनदयाल अदूटोरियम साइंस कॉलेज परिसर में किया गया जिसमें 10.00 बजे भगवान विघ्नहर्ता गणेश एवंसहस्त्रबाहु अर्जुन का पूजा आरती कर सम्बंध नामक पत्रिका का विमोचन किया गया। 11 बजे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया।साथ ही स्नेह भोज 11.30 बजे युवक -युवती परिचय जिला महामंत्री श्री कुँवर विजय सिन्हा जी द्वारा सम्मेलन का कार्यक्रम प्रारंभ करते हुएगया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ साशन के वित्त मंत्री, माननीय ओपी चौधरी जी और कलार ज़माज के गौरव छत्तीसगढ़ साशन के स्वाथ्य मंत्री,आदरणीय श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी साथ ही विधायक संजारी बालोद श्रीमती संगीता सिन्हा जी एवं महासमुंद विधायक आदरणीय राजू सिन्हा जी ने अपनी गरिमामयी उपस्तिथिति दर्ज कराई।उनके गरिमा में उपस्थित से यह कार्यक्रम और भी सफल और शानदार बन गया। आदरणीय श्री युवराज सिन्हा कलार समाज प्रांताध्यक्ष अतिथियों का स्वागत किया गया प्रदेश महामंत्री आदरणीय रिखी राम सिन्हा जी , प्रदेश कोषाध्यक्ष आदरणीय श्री डॉ. बिसम्भर सिन्हा,कार्यक्रम के संयोजक श्री भूषण सिन्हा जी,प्रांताध्यक्ष महिला मंच श्रीमती प्रमिला सिन्हा, जिला अध्यक्ष रायपुर श्री राजेन्द्र सिन्हा जी,जिला महामंत्री श्री कुँवर विजय सिन्हा जी,जिला कोषाध्यक्ष श्री खुशवंत सिन्हा जी,जिला उपाध्यक्ष श्री पन्ना लाल सिन्हा जी,जिला संगठन मंत्री श्री मेवा लाल सिन्हा जी,प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच श्री नन्दू सिन्हा जी,जिला युवा मंच अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिन्हा जी उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री राजेन्द्र कुमार सिन्हा जी, एवं मंडलेश्वर गण श्री कृपा राम सिन्हा जी,ओमप्रकाश डड़सेना जी,डॉ.पुरषोत्तम सिन्हा जी,श्री पूना राम सिन्हा जी,भी रहे। जिसमें प्रदेश भर के युवक युवती और स्वजातीय बंधुओं लगभग 6000 से 7000 की संख्या में सम्मेलन में पधारे थे प्रदेश के विभिन्न स्थान से आए हुए युवक युवतियों में से लगभग 120 युवक युवतियों ने अपना परिचय मंच में आकार दिया।



### महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद गिरि महाराज का राजधानी प्रवास 29 को

**रायपुर 28 दिसंबर।** अखंड धाम सेवा समिति,रायपुर छत्तीसगढ के तत्वावधान मे तीन दिवसीय वेदान्त ज्ञान गंगा एवम ध्यान साधना शिविर आयोजित है। इस अवसर महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि जी महाराज परम पूज्य सदुरुदेव भगवान ध्यान साधना करायेंगे और भक्तो को आशीर्वचन भी देगे। श्री संतोष तिवारी ने बताया कि पूज्य स्वामी जी अखंड परम धाम हरिद्वार, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट श्री धाम अयोध्या के स्थायी सदस्य है। उनका आगमन विगत दो वर्षो के बाद हो रहा है। वे तीन दिवसीय प्रवास पर कल रायपुर छत्तीसगढ पहुंच रहे है । वे दिनांक 29 दिसंबर 2024 को दोपहर 3 बजे संतोष कुमार तिवारी के निज निवास स्थान बंधवापारा पुरानी बस्ती न्यू कॉलोनी,पंकज गार्डन के पास रायपुर पहुंचेगे, जहां उनका सभी भकतगणो द्वारा में भव्य स्वागत किया जायेगा। साथ ही शाम को 5:30 बजे आरती होगी । इसके पश्चात स्वामी जी सभी भक्तो को आशीर्वादचन देगे। दिनांक 30 दिसंबर को प्रातः 7:00 बजे आरती के उपरांत पूज्य सदगुरुदेव भगवान जी रायपुर छत्तीसगढ स्थित ला विस्टा सोसाइटी वीआईपी रोड,रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। जहा भक्तों को ध्यान साधना के अलावा आशीर्वादचन भी प्रदान करेंगे।



## समाचार संक्षेप

### आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड पर जेल

**राजनांदगांव 28 दिसंबर।** 26 दिसंबर को प्रार्थी इंद्रजीत यादव पिता माताफेर यादव उम्र 41 वर्ष साकिन मुदलियार कॉलोनी वार्ड नं. 07 थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0 का थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज दिनांक 26.11.2024 को रात्रि 21:05 बजे घटना स्थल त्रिपदा फैशन के नीचे जय स्तंभ चैक राजनांदगांव में स्थित इसके मामा राम बहादूर यादव के फल दुकान के पैसे का हिसाब किताब कर रहा था, उसी दौरान एक लड़का आया और बिना किसी कारण के इसे मां बहन की अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मार दूंगा बोलकर हथियार से हमला किया, जिससे बांये हाथ के बांह में चोट आया तथा मामा राम बहादूर के साथ झूमाझपटी करने से बांये पैर के पिडली में चोट आया, उसके बाद भाग गया, भागते समय वह व्यकित अपना नाम चार्ली है बोल रहा था बताया। कि रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अप0क्र0 779/24 धारा 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। कायमी से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ के नेतृत्व मे आरोपी के पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित कर मुखबिर की सूचना पर आरोपी शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली पिता रिखी राम सिन्हा उम्र 25 साल साकिन शंकरपुर वार्ड नं. 09 ओ0पी0 चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को रात्रि में ही घेराबंदी कर पकड़े। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किया जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार तलवार जैसे हथियार को जप्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट समाहित किया गया। आरोपी को आज दिनांक 27.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया। माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने से जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक संजय बरेठ, प्र0आर0 शंभूनाथ द्विवेदी, प्र0 आर0 जी सिरिल, आरक्षक प्रदीप जायसवाल, भुनेश्वर जायसी, महिला आरक्षक रेणुका राजपूत एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



### महतारी वंदन योजना से लाभार्थी कंचन और रेखा सशक्त भविष्य की ओर बढ़ा रहीं कदम

**रायपुर, 28 दिसंबर।** कंचन और रेखा सशक्त भविष्य की ओर बढ़ा रही कदमरोजी मजदूरी करके जीवन यापन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए महतारी वंदन योजना एक संजीवनी का काम कर रही है। इस योजना के माध्यम से उन्हें प्रतिमाह वित्तीय समर्थन मिल रहा है, जिससे वे अपने परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा और परिवार के स्वास्थ्य पर भी ध्यान केंद्रित कर पा रहे हैं। यह योजना न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद कर रही है, बल्कि उनके जीवन को सशक्त और समृद्ध बनाने का एक मार्ग भी प्रदान कर रही है। कोरबा जिले के भैंसमा गांव की कंचन बाई यादव के जीवन में महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने से उनके जीवन की आर्थिक परेशानियां कम हुई हैं। पहले जहां रोजी-रोटी की संघर्ष में परिवार की बुनियादी जरूरतें पूरी करना भी चुनौतीपूर्ण था, वहीं अब महतारी वंदन योजना से मिली आर्थिक सहायता ने कंचन बाई को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ाने का अवसर दिया है। लाभार्थी कंचन बाई के परिवार में उनके पति श्री शिव यादव सहित कुल 5 सदस्य हैं। उनके पति घरेलू खेती किसानी और मेहनत-मजदूरी से परिवार का आजीविका चलाते है, लेकिन परिवार की बुनियादी जरूरतें पूरी करना हमेशा मुश्किल रहता था। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता ने उनके जीवन में बदलाव लाया है। अब कंचन बाई का परिवार न केवल आर्थिक दृष्टि से सशक्त हो रहा है। कंचन अब न केवल अपने बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित कर पा रही हैं, बल्कि घर के खर्चों को भी आसानी से पूरा कर रही हैं। साथ ही बैक में बचत राशि जमा कर परिवार के बेहतर भविष्य के लिए सुरक्षित वित्तीय आधार तैयार कर रही हैं। वह कहती हैं, पहले जीवन संघर्ष से भरा हुआ था, लेकिन इस योजना ने मेरी परेशानियों को काफी कम कर दिया है। अब मेरे परिवार को बेहतर जीवन जीने का मौका मिल रहा है। महतारी वंदन योजना ने न सिर्फ कंचन बाई के परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है, बल्कि उनके जीवन में एक नई उम्मीद और आत्मविश्वास का संचार किया है। अब कंचन का सपना अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने और बेहतर भविष्य बनाने का सपना अब हकीकत बनता दिख रहा है।

### छत्तीसगढ़ सरकार ने कर्मचारियों की दी सौगात

**रायपुर, 28 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कर्मचारियों के हितों को ध्यान रखते हुए मासिक भत्तों में संशोधन किया गया है। इससे कर्मचारियों का कार्य प्रदर्शन बेहतर हो सकेगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के विभिन्न सरकारी कर्मचारियों के यात्रा भत्ते की मासिक दरों में संशोधन किया है। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा जारी किया गया है। राज्य सरकार द्वारा संशोधित भत्ते के लिए राजस्व निरीक्षकों, विक्रय अमीन, सहायक ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (ग्राम सेवक), सहायक विकास विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा के क्षेत्र सहायक,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के हैंड पंप तकनीशियनों को शामिल किया गया है। उनको वर्तमान दर 350 रुपए प्रति माह को संशोधित कर 1200 रुपए प्रति माह यात्रा भत्ता दिया जाएगा। इसी तरह जिला और तहसील स्तर के राजस्व विभाग के भृत्य एवं जमादार,वन विभाग और राजस्व विभाग के चेन मैन, न्यायिक एवं वाणिज्यक कर विभाग के प्रोसेस सर्वर तथा ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पटवारियों के वर्तमान दर 300 रुपए प्रति माह में संशोधन कर 1000 रुपए प्रति माह यात्रा भत्ता दिया जाएगा।

## कृषि कालेज के छात्र-छात्राओं ने किया किसानों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 दिसंबर।** डां शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सुरगी के छात्र छात्राओं ने ग्राम धामनसरा में 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस अवसर पर मुख्य अतिथि योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव अध्यक्षता रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य लोकेश कुमार गंगवीर सरपंच के अतिथि में किसान दिवस हर्षोल्लास के साथ किसान कृष्णा पटेल बालाराम पटेल गणेश निषाद अशोक गंगवीर के अवसर पर रावे के छात्रों ने तिलक श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया योगेन्द्र दास वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के रीड हड्डी किसान है राष्ट्रीय किसान दिवस हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं तथा किसान मेहनत कर देश को खाद्य सामग्री उपलब्ध करता है मानव पशु पक्षी अन्य जीव जन्तु के अन्नदाता किसान ही है भारत कृषि प्रधान देश है देश को विकसित करने में अमूल्य योगदान किसानों रहा है रावे लीडर चुलेश सिन्हा वत्सल मनु कुमार कुशल ट्विंकल कनक हर्षिता ईशा रामलाल सुखदेव मनीष उपस्थित रहा।



## जनादेश परब पर जिला जेल राजनांदगांव में श्रमदान एवं संगोष्ठी का हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 दिसंबर।** राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर में जनादेश परब पर मुख्यालय जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं के निर्देशानुसार जेल विभाग के मार्गदर्शन में जिला जेल राजनांदगांव में सफाई अभियान हेतु श्रमदान एवं विभिन्न सकारात्मक विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सफाई अभियान के लिए श्रमदान एवं संगोष्ठी के तहत जेल के बैरकों और प्रांगण में झाडू-पोंछा एवं साफ-सफाई किया गया। जेल की पुरानी दीवारों की मरम्मत, कार्यालय फर्नीचर, जेल सुरक्षा संबंधी वॉटी-टॉकी, वायरलेस, मेटल डिटेक्टर की रख-रखाव व जांच किया गया। कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने शाखाओं से संबंधित फाईलों का निपटान करना, कार्यालय के कम्प्यूटर एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों की रख-रखाव व सफाई किया गया। जेल में बंदियों को चित्रकला पेंटिंग के माध्यम से स्लोगन, सकारात्मक विचार व्यक्त करना व श्रमदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर, बंदियों की शारीरिक स्वच्छता, जेल कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। जेल परिसर में पौधरोपण किया गया, पौधों की देखभाल, नव सृजित पुष्पों की क्यारी बनाया गया। जेल कर्मचारियों द्वारा जेल के बाहर, वॉलगार्ड, जेल कालोनी व जेल परिसर की साफ-सफाई गीले-सुखे कचरे, अपशिष्ट पदार्थ का प्रबंधन किया गया। स्वच्छ भारत मिशन पर परिचर्चा, काव्य गोष्ठी, वर्तमान परिपेक्ष्य में सामान्य ज्ञान कार्य शाला का आयोजन किया गया। प्रत्येक मंगलवार को स्वच्छता साफ-सफाई परेड का आयोजन, जेल में पाकशाला, चिकित्सालय, स्कूल, शौचालय, स्नानागार की साफ-सफाई किया गया। गुरू घासीदास जयंती एवं उत्कर्ष कार्यक्रम अंतर्गत सांस्कृतिक एवं विभिन्न खेल विधाओं के समापन कार्यक्रम के अवसर पर बंदियों के बीच आपसी सद्भावना बनाये रखने, स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया।

### गंदगी फैलाने एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने पर वसूले 7 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना

# निगम के सामने से दिग्विजय स्टेडियम तक आवागमन व्यवस्थित करने मुहिम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 दिसंबर।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे सहित अतिक्रमण दस्ता के साथ नगर निगम के सामने से दिग्विजय स्टेडियम तक पैदल भ्रमण कर दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर पार्किंग स्थल पर समान रखने तथा शेड बाहर निकाल कर रेलिंग लगाकर समान रखकर व्यवसाय करने पर समान अंदर कराने व शेड निकालने, रेलिंग हटाने की कार्यवाही करने के साथ साथ समान दुकान के अंदर रखने की समझाईस दिये तथा ठेला, खोमचा वालो को ठेला के अलावा पसरा फैलाकर समान नही रखने समझाईस दी। साथ ही उन्होंने इस प्रकार शहर में सडक में समान रख अव्यवसाय करने वाले, अतिक्रमण/अवैध कब्जा करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने तकनीकि अधिकारियों व कर्मचारियों का सयुक्त दल गठन किया है।



उल्लेखनीय है कि शहर के चौक-चौराहो, गली, मोहल्लों व व्यस्तम मार्गो सिनेमा लाईन, हलवाई लाईन, सदर लाईन, गुडाखू लाईन, फल मार्केट, कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, जूनी हटरी,फौव्हारा चौक, जय स्तम्भ चौक, महावीर चौक,बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन सहित अन्य मार्गो के दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर पार्किंग स्थल में समान बाहर रखकर एवं समान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं वाहन पार्किंग व आवगमन में असुविधा होती है। जिसे ध्यान में रखकर आयुक्त श्री विश्वकर्मा आज निगम के अधिकारी व अतिक्रमण दस्ता के साथ नगर निगम के सामने से दिग्विजय स्टेडियम तक पैदल भ्रमण कर निगम के सामने फल व अन्य ठेला खोमचा वालो को ठेला में ही रखकर समान विक्रय करने, सडक में फैलाकर समान नहीं रखने समझाईस दिये और 12 नग कैरेट, 6 नग बडा छाता जप्त किये। साथ ही महावीर चौक में हनुमान मंदिर के पास सडक में फैलाकर गैस वेल्डिंग करने पर दुर्घटना को ध्यान में रख 5 आक्सीजन सिलेंडर जप्त किये। आयुक्त सहित अतिक्रमण दल नया बस स्टैण्ड तथा लालबाग जी.ई.रोड में मुख्यमंत्री स्वावलंबन की दुकान व गुमटी के सामने होटल, फल, मोटर सायईकल मरम्मत, पान ठेला, ज्युस आदि दुकान के सामने हाईवे रोड में लगे टीन शेड निकालने समझाईस दिये और लालबाग में ठेला में ज्यूस मशीन रोड में लगाने पर जप्ती किये। इसी प्रकार दिग्विजय स्टेडियम के समाने की दुकानों के सामने हाईवे रोड में लगे शेड हटाने कहा तथा पंचमुखी पराठा व होटल द्वारा गंदगी फैलाने पर 3 हजार रूपये जुर्माना लगाये। इसी प्रकार गुरूद्वारा चौक,बस स्टैण्ड, लालबाग एवं स्टेडियम रोड के फल, सब्जी ठेला व दुकानदारों व हरिओम नर्सरी द्वारा साफ सफाई का अभाव व झिल्ली पन्नी का उपयोग करने पर 4 हजार 8 सौ कुल 7 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना वसुला गया।

संपादकीय

# वह कम बोलते थे उनका काम बोलता था

भारत में आर्थिक सुधारों के नायक मनमोहन सिंह नहीं रहे। वह लंबे समय से अस्वस्थ थे, उनका निधन गुरुवार २६ दिसंबर को हो गया।वह साधारण परिवार से थे और वह देश के पीएम बने। वह अराजनीतिक थे लेकिन राजनीति के शिखर पर पहुंचे और अपने काम से देश और देश के लोगों लिए जो भी बेहतर कर सकते थे, किया।वह कम बोलते थे लेकिन उनका काम ज्यादा बोलता था। उनको जो कुछ कहना रहता था, अपने काम के जरिए कहते थे। लोगों ने उनसे कई सवाल किए, हर सवाल के जवाब में मनमोहन सिंह अक्सर मौन रहे लेकिन उनका काम उनके आलोचकों व विरोधियों को जवाब देता रहा। कहा जाता है कि कुछ लोग देश की बेहतरी के लिये काम करने के लिए बने होते हैं, उनकी भूमिका तय होती है।मनमोहन सिंह देश के ऐसे ही नेता थे।जब देश को उनकी जरूरत पड़ी तो वह हर पद पर रहते हुए देश की बेहतरी के लिए काम किया।जब देश के उनके भीतर के अर्थशास्त्री की जरूरत पड़ी तो उन्होंने वित्तमंत्री के रूप में अपनी भूमिका निभाई। देश को जिन सुधारों की जरूरत थी, वह सब सुधार मनमोहन सिंह ने किए। उनके किए आर्थिक सुधारों के कारण ही देश आर्थिक रूप से मजबूत हो सका और दुनिया के देशों के बीच अपने जगह बना सका। पीएम मोदी ने उनके बारे में सही कहा है कि वह देश से सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक थे।साधारण परिवार से होने के बाद भी वह देश के महान अर्थशास्त्री बने उसके बाद पीएम के रूप में भी देश व देश के लोगों की सेवा की।उन्होंने देश के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए। जो भी नेता देश के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करता है,देश की जनता उसको याद रखती है। क्योंकि उसके जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास से जनता का जीवन बेहतर होता है, और इसका एहसास देश के लोगों को अपने जीवन में अनुभव भी होता है। यह भी अजब संयोग है कि मनमोहन सिंह का जन्म २६ सितंबर१९३२ को पं.पंजाब के गाह में हुआ था,जो आज पाक में है, जिस तारीख को उनका जन्म हुआ उसी तारीख को वह असीम की यात्रा पर निकल गए।भारत विभाजन में उनका परिवार भारत आ गया।१९५४ में वे पंजाब विवि से अर्थशास्त्र की डिग्री पूरी की।१९५७ में कैंब्रिज विवि से इकोनामिक ट्रिपोज किया,१९६२ में आक्सफोर्ड विवि से डी,फिल की उपाधि मिली,१९७१ में भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार बने, १९७२ में वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बने।१९९८० से ८२ तक योजना आयोग के सदस्य रहे।८२ से ८५ तक आरबीआई के गवर्नर रहे।८५ से ८७ योजना आयोग के उपाध्यक्ष रहे। ८७-९० जिनेवा में दक्षिण आयोग के महासचिव रहे,१९९० में आर्थिक मामलो में प्रधानमंत्री के सलाहकार बने,१९९१ में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष बनाए गए,१९९१ में असम से राज्यसभा के लिए चुने गए,१९९१ से ९६ नरसिम्हा सरकार में वित्त मंत्री रहे,२००४ से २०१४ तक देश के प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने एक बार १९९९ में लोकसभा का चुनाव लड़ा था और हार गए थे।मनमोहन सिंह देश के पहले ऐसे पीएम थे,जिनकी कोई सघन राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। मनमोहन को देश के परिदृश्य में सामने लाने का श्रेय नरसिम्हा राव व सोनिया गांधी को जाता है।२००४ के आम चुनाव के बाद जब सोनिया गांधी ने पीएम पद स्वीकार करने से इंकार कर दिया तो उनके सामने एक ऐसे नेता तो यह पद सौंपने की चुनौती थी, जो न केवल इस पद के योग्य हो और गांधी परिवार के वर्चस्व के लिए खतरा भी न हो।इस पद के लिए कई दावेदार थे कांग्रेस में लेकिन सोनिया गांधी ने मनमोहन सिंह पर भरोसा किया और मनमोहन सिंह जब तक पीएम रहे वह इस कसौटी पर खरे उतरे। इसी वजह से उन्हें भारतीय राजनीति के इतिहास में एक्सीडेंटल पीएम भी कहा जाता है।वह पीएम बनना नहीं चाहते थे लेकिन कांग्रेस व देश की जरूरत के लिए उनको यह पद स्वीकार करना पड़ा और दस साल उन्होंने ऐसे काम किए जिससे यह साबित हुआ कि वह इस पद के सर्वथा योग्य थे।उ ?के प्रमुख कामों का याद किया जाता है तो शिक्षा का अधिकार,सूचना का अधिकार,रोजगार गारंटी योजना,पहचान के लिए आधार कार्ड,अमरीका से न्यूक्लियर डील,भूमि अधिग्रहण कानून,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून को याद किया जाता है। इससे देश के लोगों का जीवन बेहतर हुआ था। उनके कार्यकाल में महंगाई,टूजी, कोयला घोटाला सामने आई थी,इसके चलते उकी सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ा था।इन घोटालों के कारण ही २०१४ के चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। सिख दंगों के लिए कांग्रेस ने माफी न मांगी लेकिन मनमोहन सिंह ने १२ अगस्त २००५को लोकसभा में माफी मांगी थी।उन्होंने कहा था कि देश में उस समय जो कुछ हुआ था उसके लिए मैं शर्म से सिर झुकाता हूं। मनमोहन सिंह अपनी विनम्रता,सादगी व कम बोलने के लिए देश ही नही देश के बाहर भी जाने जाते थे। कई लोग उनके कम बोलने को उनकी कमजोरी कहते थे लेकिन यह उनकी आदत थी जिसके बार में वह कहते थे कि हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी, न जाने कितने सवालों की आबरू रख ली। मनमोहन सिंह को अपने जीवन काल में कई पुरस्कार व सम्मान मिले थे।उनको १९८७ में पद्म विभूषण,१९९५ व ९६ में सेंट जांस कालेज कैंब्रिज से विशिष्ट प्रदर्शन के लिए राइट पुरस्कार व एडम स्मिथ पुरस्कार,२००२ में उत्कृष्ट सांसद का पुरस्कार,२०१० में सऊदी अरब का दूसरा सर्वोच्च सम्मान आर्डर आफ किंग अब्दुल अजीज,२०१४ में जापान का दूसरा बड़ा नागरिक सम्मान आर्डर आफ द पालाउनिया फ्लावर्स, फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार मनमोहन सिंह को विश्व के १९ शक्तिशाली व्यक्ति चुना गया था।मनमोहन सिंह ने देश और देश के लोगों के लिए जो कुछ किया उससे देश व देश के लोगों को फायदा हुआ। उनके योगदान को देश व देश के लोग हमेशा याद रखेंगे।

समस्या

मनोज कुमार अग्रवाल

# सावधान! भारत में आतंकवाद पैदा करने की कोशिशें जारी हैं!

देश के विभिन्न हिस्सों में जिस तरह आतंकवाद पैदा करने की कोशिश उजागर हो रहीं हैं उनसे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश के भीतर और बाहर से लगातार अस्थिरता फैलाने के लिए देश विरोधी ताकतों



के नापाक प्रयास जारी हैं। मणिपुर छत्तीसगढ़ पंजाब असम पश्चिमी बंगाल नागालैंड मिजोरम केरल जम्मू-कश्मीर तक आतंक की फसल तैयार करने के लिए लगातार कोशिश की जा रही हैं एक ओर देश के उत्तरी-पूर्वी राज्य मणिपुर में दो समुदाय के बीच मे अविश्वास और घृणा को बढ़ावा देने के साथ ही उन तक हथियार पहुंचना चिंता जनक है वहीं छत्तीसगढ़ सरीखे राज्यों में नक्सलियों के जरिए आतंक की खेती की जाती रही है दरअसल जम्मू-कश्मीर में 370 हटाने के बाद सरकार को आतंकवाद समर्थक पत्थरबाजों और आतंकी वारदातों पर नियंत्रण में सफलता मिली तो देश विरोधी भीतरी व बाहरी ताकतों ने पंजाब से लेकर कनाडा तक खालिस्तान के सोए जिन्न को जगाकर दहशत और आतंकवाद को बढ़ावा देने की कोशिश शुरू करदी है।कनाडा में बैठे आतंकी पननू की कुम्भ मेला में गड़बड़ी की धमकी खारिज करने लायक नहीं है। इस सबको भारत की तरक्की से कुंद भारत के दुश्मन देश शह दे रहे हैं। पिछले कुछ समय से देश में जिस प्रकार से आतंकियों की गिरफ्तारी हो रही है अथवा मारे जा रहे हैं, उससे देश में किसी बड़े खतरे की आहट सुनायी दे रही है। उत्तर प्रदेश से लेकर असम और बंगाल तक अचानक से ही आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी हो गयी है। एक महीने के भीतर ही देश के विभिन्न हिस्सों से कई आतंकियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जो यह दशार्ता है कि देश में आतंकियों ने अपनी पैठ बढ़ानी शुरू कर दी है। हालांकि अच्छी बात है कि एजेंसियों की सतर्कता के कारण आतंकियों की गिरफ्तारी की गई हैं लगता है कि देश पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। इसलिए आतंक के विरुद्ध पूरे देश में सतर्कता बरते जाने की जरूरत है। आतंकियों की ताजा गिरफ्तारी असम से हुई है। स्पेशल टास्क फोर्स ने अलकायदा से जुड़े अंसास्लाह बांग्लाद टीम (एबीटी) के दो और आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इसी के साथ अब तक एबीटी के 10 आतंकी पकड़े जा चुके हैं। इससे पहले एसटीएफ ने एबीटी के 8 आतंकियों को असम, पश्चिम बंगाल और केरल से गिरफ्तार किया था। इन आठ में से पांच को असम के कोकराझार और धुबरी जिले से पकड़ा गया था। इसके अलावा दो और लोगों को पश्चिम बंगाल और एक बांग्लादेशी को केरल से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आतंकियों के पास से कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुए थे, जिसमें संदिग्ध ऐप्स वाले मोबाइल फोन, प्रचार सामग्री, बांग्लादेशी-निर्धारित पहचान दस्तावेज और महत्वपूर्ण साक्ष्य वाले पेन ड्राइव शामिल हैं। एसएटीएफ की माने तो आतंकी देश में बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे, क्योंकि उनके पास से हथियारों का जखिरा बरामद किया गया है। इससे पहले पश्चिम बंगाल से पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकी को गिरफ्तार किया गया था। कश्मीरी आतंकी जावेद अहमद मुंशी नदी मार्ग से बांग्लादेश से बंगाल में भविष्य में आने वाले आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने की राह आसान करने आया था। गिरफ्तारी के बाद एजेंसियों को बताया कि वह अब तक सात बार पाकिस्तान के कराची शहर का दौरा कर चुका है। इस दौरान वह कई बार आतंकी संगठन के आकाओं से मिल चुका है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में जांच अधिकारियों को इस तरह की जानकारी मिली है। अधिकारी बताते हैं कि आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि सीमा पर बीएसएफ की सख्ती के कारण इन दिनों सड़क मार्ग से भारतीय सीमा में प्रवेश करने का रास्ता काफी कठिन होने के कारण जावेद नदी मार्ग से बंगाल की सीमा में बांग्लादेशी आतंकियों के प्रवेश का मार्ग बनाने की कोशिश में था, जिसके बाद वह भविष्य में सीमा पार से आने वाले आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने वाला था। इस आतंकी से पूछताछ में अधिकारियों को कई तरह की जानकारी मिली है। पता चला है कि वह मुस्लिम लीग को पुनर्जीवित। करने की कोशिश में भी लगा था। इससे पहले उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में तीन खालिस्तानी आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया था। खालिस्तानी आतंकियों के मारे से जाने लोगों में तीन दशकों के बाद एक बार फिर खौफ का माहौल पैदा हो गया है। पंजाब में जब 80-90 के दशक में सिख आतंकवाद चरम पर था, उस समय उत्तर प्रदेश के तराई के कुछ जिले भी इससे प्रभावित हुए थे। तब यूपी का विभाजन नहीं हुआ था। उस स दौर में लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, खटीमा, नैनीताल जैसे सिख आबादी वाले जिलों में अक्सर आतंकियों के पनाह लेने और वारदात करने की खबरें मिल जाती थी, लेकिन पिछले करीब तीन दशकों से यहां का माहौल काफी बदल चुका है। खालिस्तानी आतंकवाद अतीत की बात बन गया था लेकिन पीलीभीत के पूरनपुर में तीन खालिस्तानी आतंकियों के एनकाउंटर से एक बार फिर वर्षों बाद तराई का इलाका दहल उठा। बात 80 और 90 के दशक को देखा जाये तो उस दौरान जब पंजाब में खालिस्तानी आतंकवाद चरम पर था। उस दौरान करीब 12 वर्ष तक तराई में भी इस आतंक का साया रहा था। तब पीलीभीत और लखीमपुर खीरी में खालिस्तान आतंकवादियों ने कई लोगों की हत्या कर दी थी। सबसे चर्चित पीलीभीत की वो घटना है, जो जुलाई 1992 में हुई थी। आतंकवादियों ने जंगल में एक साथ 29 लोगों की हत्या कर दी थी। यह वर्ष 1985 से लेकर 1997 के बीच का दौर था, जब तराई इलाके में जिला खीरी से लेकर शाहजहांपुर के खुटार, पीलीभीत के पूरनपुर से लेकर उत्तराखंड के जिला ऊधमसिंह नगर और नैनीताल तक खालिस्तान समर्थकों का आतंक रहा। उस दौरान खालिस्तान समर्थक आतंकी संगठनों ने यहां कई बड़ी और चर्चित घटनाओं को अंजाम दिया था। इसी तरह से वर्ष 1988-89 में मैलानी-भौरा के मध्य राज नारायणपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास दुग्ध वाहन को रोककर उसमें सवार एक दर्जन लोगों की खालिस्तान आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। इस नरसंहार को खालिस्तानी आतंकवादियों के मेजर गुट ने अंजाम दिया था। 26 नवंबर 1995, 26 अक्टूबर 1997 और 28 मार्च 1998 को भीखमपुर-मैलानी के बीच रेलवे ट्रैक काट कर नैनीताल एक्सप्रेस ट्रेन को पलटने की साजिश के पीछे भी खालिस्तान उग्रवादियों का हाथ होने की बात सामने आई थी। एक बार फिर अब पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस को पीलीभीत में तीन खालिस्तानी आतंकियों को मार गिराने में जो सफलता मिली, वह एक बड़ी कामयाबी है। पुलिस और खुफिया सूत्रों के अनुसार यह आतंकी पिछले कुछ समय से पंजाब में थानों और चौकियों पर बम फेंक कर आतंक का माहौल कायम करने में लगे थे। इनका संबंध खालिस्तानी जिंदाबाद फोर्स नामक आतंकी संगठन से बताया जा रहा है। पता यह भी चला है कि विदेश में बैठे खालिस्तानी तत्वों ने पीलीभीत में मारे गए आतंकियों को हथियार उपलब्ध कराए थे। यदि यह सही बात है, तो इसकी गहनता से पड़ताल होनी चाहिए कि वे ऐसा करने में कैसे समर्थ हो गए। पड़ताल इसकी भी होनी चाहिए कि मारे गए आतंकी पंजाब में थानों और चौकियों को निशाना बनाने के बाद पीलीभीत में क्या करने आए थे। पीलीभीत उनके छिपने के लिए सुरक्षित ठिकाना था या फिर वे यहां कोई वारदात करने की फिराक में थे। स्पष्ट है कि आतंकियों ने देश में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है और इनको पूरी तरफ से नेस्तानाबूद और सफाया करने के लिए केंद्र और राज्य एजेंसियोंको मिलकर खात्मा करना होगा।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आपके विरोधी सक्रिय रहेंगे, जो आपको परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा। जीवनसाथी भी आपकी मदद के लिए आगे आएंगे। आप दोनों को अपने खर्चों पर भी लगाम लगाने की आवश्यकता है, क्योंकि आपके बेवजह के खर्च आपकी आर्थिक स्थिति को कमजोर बनाएंगे।

वृष- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपके अंदर प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी। कुछ विशेष व्यक्तियों से आपको मिलने का मौका मिलेगा। आपको अपने कामों में किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह मशवरा करने से बचना होगा। किसी नए मकान, वाहन की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको कामों में गलतियों को अनदेखा करने से बचना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको पारिवारिक समस्याओं को दूर करने के लिए वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत अवश्य करनी होगी, नहीं तो आपके आपसी रिश्तों में खटपट बनी रहेगी। संतान के कामों मे आपको कुछ बदलाव नजर आएगा, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएगा। कार्यक्षेत्र में कामों पर थोड़ा ध्यान देना होगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपके लिए दिन अच्छा रहेगा। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। किसी बड़े निवेश को करने की यदि आप प्लानिंग कर रहे थे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको किसी की बातों में आकर लड़ाई झगड़े में नहीं पड़ना है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। यदि आपको स्वास्थ्य को लेकर कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे। आप अपने जीवनसाथी से कोई बात गुप्त न रखें, नहीं तो दोनों के बीच लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए झगड़े व झंझटों से दूर रहने के लिए रहेगा। किसी सरकारी काम में आप सोच समझ कर ही आगे बढ़े। आपका कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती हैं, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी। आपको अपने बिजनेस के कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। यदि आपने उन्हें किसी दूसरे के भरोसे काम छोड़ा, तो समस्या आ सकती है। आपको अपने खर्चों का भी लेखा-जोखा रखना होगा।

तुला- आज का दिन सोच समझ कर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। युवाओं को कुछ बेहतर अवसर हाथ लगेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर यदि कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी से अत्यधिक मात्रा में धन उधार ना लें, नहीं तो आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा, जो लोग प्रेम जीवन जी रहे हैं उनकी अपने साथी से खटपट हो सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको धन को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी, क्योंकि आपको किसी पैतृक संपत्ति से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। अपने भविष्य को लेकर प्रॉपर्टी में कोई इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न होंगे, जिन्हें आपको पहचानना होगा। आप अपने मित्रों से कोई भी ऐसी बात ना बोले, जिसका की उनको बुरा लगे। जीवन साथी के करियर में कोई अच्छा उछाल देखने को मिलेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आपको किसी सरकारी काम में इन्वेस्टमेंट करना अच्छा रहेगा। बिजनेस में आपको कोई बड़ा टेंडर मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में किसी बड़ी जिम्मेदारी के मिलने से थोड़ा परेशान रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य की नौकरी को लेकर यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप अपने सहयोगियों की बातों में ना आए, नहीं तो उन्हें आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। माता जी को आप ससुराल पक्ष के लोगों से मेल मिलाप कराने लेकर जा सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी वाद-विवाद से दूर रहने की आवश्यकता है। आपके पड़ोस में किसी सदस्य से आपकी कहा सुनी हो सकती है। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। आप यदि किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें अपने सामानों की सुरक्षा अवश्य करें, क्योंकि ढील देने के कारण उनके खोने की संभावना बन रही है। पिताजी को कोई आंखों से संबंधित समस्या हो सकती है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए भाग दौड़ भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर टेंशन रहेगी। बिजनेस की कोई डील के फाइनल होने में भी समस्या आएगी। बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव के साथ-साथ धन भी अधिक खर्च होगा। किसी वाद विवाद के कारण मानसिक तनाव आपके ऊपर हावी रहेगा। आपको अपने पारिवारिक मामलों में भी थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप अपने किसी दूर रह रहे परिजन से कोई मदद मांगेंगे, तो वह आपकी मदद अवश्य करेंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। राजनीति में कार्यरत लोगों के प्रयास बेहतर रहेंगे, उनके कुछ नए मित्र बनेंगे। आप अपने बिजनेस की कुछ योजनाओं में बदलाव कर सकते हैं, जो आपको अच्छा लाभ अवश्य देंगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को उनके कामों की सराहना होगी और उन्हें किसी बड़े पद के मिलने की भी संभावना है। आपको पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलनी होगी।

# भारतीय राजनीति के नीलकंठ थे डॉ. मनमोहन सिंह

राकेश अचल

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह अपनी जीवन यात्रा पूरी कर अनंत यात्रा पर निकल गए। डॉ. मनमोहन सिंह देश के 13 वें प्रधानमंत्री थे और दस साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे। डॉ. मनमोहन सिंह के प्रति मेरा मन हमेशा से श्रद्धा से भरा रहा ,क्योंकि सही अर्थों में वे देश के मौन सेवक थे। मौन ही उनका आभूषण था और मौन ही उनका हथियार भी था। देश और दुनिया ने उन्हें कभी चीखते-चिल्लाते न सदन में देखा और न किसी रैली में।एक पत्रकार के रूप में मुझे डॉ. मनमोहन सिंह से मिलने का अवसर आज से कोई तीन दशक पहले तब मिला था जब वे देश के वित्त मंत्री थे।ग्वालियर के सांसद और केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय माधव राव सिंधिया उन्हें लेकर ग्वालियर आये थे । उन्होंने बरई गांव में ग्रामीण हाट जैसी एक परियोजना का उद्घाटन किया था। उन्हें पहली बार मप्र चैंबर आफ कामर्स के सभागार में सुनने का मौका मिला था। विद्वत्ता उनके सम्भाषण से ही नहीं बल्कि उनके स्वभाव और आचरण से टपकती थी। वे एक खास लय में मुस्कराते थे। वे विनोदी भी थे लेकिन उनका विनोद भी शालीनता की चाशनी में लिपटा रहता था। देश का सौभाग्य रहा कि उसे डॉ. मनमोहन सिंह जैसे विद्वान अर्थशास्त्री का नेतृत्व मिला। कोई माने या न माने लेकिन देश और दुनिया की तारीख में डॉ. मनमोहन सिंह भारत में आर्थिक सुधारों के जनक रहे। मुझे लगता है कि वे राजनीति के लिए बने ही नहीं थे ,लेकिन उनका प्रारब्ध उन्हें राजनीति में खींच लाया। कांग्रेस ने उनकी योग्यता को पहचाना और देश हित में उन्हें राजनीतिक मंच पर सबसे शीर्ष पद पर खड़ा कर दिया ,अन्यथा वे तो एक अध्यापक थे ,राजनीति से उनका कोई लेना-देना था ही नहीं। देश के विभाजन की विभीषिका पर आज जो लोग लम्बे -चौड़े भाषण देते हैं उन्हें शायद ये पता भी नहीं होगा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने इस त्रासदी को अपने बचपन में ही भुगता था,लेकिन वे इससे टूटे नहीं ,बिखरे नहीं। देश के विभाजन के बाद सिंह का परिवार भारत चला आया। पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। बाद में वे पीएच. डी.करने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गये। डॉ. सिंह ने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। वे केवल प्राध्यापक ही नहीं बल्कि लेखक भी थे।उनकी पुस्तक ' इंडियाज एक्सपोर्ट ट्रेंड्स एंड प्रोस्पेक्ट्स फॉर सेल्फ सस्टेंड ग्रोथ " भारत की अन्तमुर्खी व्यापार नीति की पहली प्रामाणिक आलोचना मानी जाती है। डॉ.मनमोहन सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर अपनी पहचान बनाई और ख्याति अर्जित की। वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और वे दो बार जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। उनकी विद्वत्ता को पहचानकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उन्हें आर्थिक सलाहकार बनाया ।बाद में वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष जैसे अनेक महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे।

देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिंहराव ने मनमोहन सिंह को 1991में वित्त मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार सौंप दिया। उस वक्त डॉ.मनमोहन सिंह संसद के किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे। उन्हें उसी साल असम से राज्यसभा के लिए चुना गया।सही अर्थों में भारत को विश्वगुरु बनाने की नींव डॉ. मनमोहन सिंह ने ही रखी। उन्होंने ही भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व बाजार के साथ जोड़ने का श्रेय डॉ. मनमोहन सिंह को ही है।



भारत की अर्थव्यवस्था जब घुटनों के बल चल रही थी,और प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव को भयंकर आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा रहा था। आज का सत्ता पक्ष तब विपक्ष में था और उन्हें नए आर्थिक प्रयोग से सावधान कर रहा था। लेकिन मात्र दो वर्ष बाद ही डॉ. मनमोहन सिंह की सूझबूझ से आलोचकों के मुँह बंद हो गए। उदारीकरण के बेहतरीन परिणाम भारतीय अर्थव्यवस्था में नजर आने लगे। मजे की बात ये है कि डॉ. मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री बनने का सपना कभी नहीं देखा। उनके नाम पर कांग्रेस ने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा ,किन्तु वे न केवल एक बार प्रधानमंत्री बने बल्कि लगातार दो बार प्रधानमंत्री बने। उनकी नीली पगड़ी और भक्क सफेद कुर्ता-पायजामा उनकी पहचान बना रहा। राजनीति की सारी लक्ष्मण रेखाएं लांघते हुए डॉ. मनमोहन सिंह की जितनी आलोचना हुई, उसका कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। लेकिन डॉ. मनमोहन सिंह ने कभी कोई लक्ष्मण रेखा नहीं लांघी । वे पार्टी के भीतर भी राहुल गांधी की उद्दंडता को मौन रहकर पी गए। वे राजनीति के नीलकंठ थे। वे मतदान करने व्हील चेयर पर सदन में आये तब भी उनके बारे में टिप्पणियां की गई किन्तु डॉ. मनमोहन सिंह ने अपना संयम नहीं खोया,वे सदा मुस्कराते रहे। उनके ऊपर भ्रष्टाचार के जितने भी राजनीतिक आरोप लगे वे सभी में बेदाग साबित हुए। डॉ. मनमोहन सिंह ने कभी सत्ता का इस्तेमाल अपने परिवार के लिए नहीं किया। उन्होंने कभी अपनी सादगी की झांकी नहीं लगाई। उन्हें कठपुतली प्रधानमंत्री कहा गया किन्तु उन्होंने अपने आपको देश का सबसे ज्यादा संजीदा प्रधानमंत्री साबित किया। वे नेहरू नहीं थे,वे इंदिरा गाँधी भी नहीं थे ,उनकी अपनी कोई राजनीतिक विरासत भी नहीं थी,किन्तु वे अपने पीछे राजनीति में सुचिता की जो पगडण्डी छोड़ गए हैं उस पर चलना अब किसी के लिए भी संभव नहीं है। ऐसे अनूठे देश सेवक के प्रति मेरी विनम्र श्रृद्धांजलि।

व्यंग्य

# चलते -चलते थक जाता है मिडिल क्लास आदमी

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



भारतीय समाज में निम्न , माध्यम और उच्च स्तरीय जीवन यापन करने वालों का समूह वास करता है । निम्न और उच्च वर्ग अर्थशास्त्र के नियम से उतने प्रभावित नहीं होते जितना मिडिल क्लास होता है । कारण यह कि निम्न तबका महंगाई बढ़ने से अपनी मजदूरी बढ़ा देता है और उच्च वर्ग तो ऐसे भी अपनी सम्पन्नता के चलते अर्थशास्त्र को ठेंगा दिखाता ही प्रतीत होता है । मिडिल क्लास में ऐसे लोगों का समावेश होता है जो प्रायः नौकरीशुदा होते हैं । उन्हें तय तनख्वाह में ही गुजारा करना होता है । समय - समय पर सरकार महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी जरूर करती है किंतु वह महंगाई की तुलना में ₹ ऊंट के मुंह में जीरा ₹ की तरह होती है ।हम मिडिल क्लास को वरदान और अभिशाप दोनों रूपों में अनुभव कर सकते हैं । देखा जाए तो मिडिल क्लास ऐसा वर्ग है जो कभी बोरियत महसूस नहीं करता ! कारण यह कि जिंदगी भर कुछ न कुछ आफत सिर पर सवार रहती है ! इनकी स्थिति को दयनीय कहा है सकता है । इस वर्ग में आने वाले बच्चों को ₹ तैमूर ₹ जैसा बचपन नसीब नहीं होता है । यह भी कहा जा सकता है कि इन परिवारों के बुजुर्गों को ₹ अनूप जलोटा ₹ जैसा बुढ़ापा भी नहीं मिल पाता है ! इन सबके बावजूद अपने आप में इतनी उलझनें होती हैं कि पूरी जिंदगी व्यस्तता में ही बीतती है ! मिडिल क्लास के नसीब में केवल परेशानियां ही नहीं होती । मिडिल क्लास होने के अपने फायदे भी हैं , जो निम्न और उच्च वर्ग को प्राप्त नहीं हो पाते हैं । मसलन बी एम डब्ल्यू का भाव बढ़े या ऑडी का अथवा कोई नया आईफोन बाजार में आ जाए इस वर्ग को कोई फर्क नहीं पड़ता ! देखा जाए तो इस वर्ग में जीवन यापन करने वालों की आधी जिंदगी तो झड़ते हुए बाल और बढ़ते हुए पेट की चिंता में ही बीत जाती है । इन परिवारों में फ्रूटी जैसी कोल्ड ड्रिंक्स या अन्य पेय पदार्थ एक साथ तभी आ सकते हैं जब घर में कोई अनन्य रिश्तेदार आने वाला हो ! वह भी अपनत्व से जुड़ा हो तभी यह संभव हो पाता है ! मिडिल क्लास परिवारों में रोज पहने जाने वाले कपड़ों से लेकर विशेष आयोजनों में पहने जाने वाले कपड़ों की अलग - अलग श्रेणी पाई जाती है ! ठीक इसी तरह खाने वाले चावल की भी लगभग परिवारों में तीन क्वालिटी पाई जाती है - डेली , कैजुअल और विशेष अवसर पर उपयोग करने की मांग के अनुसार । आजकल सबसे अधिक और प्रेम रस में डुबकी लगाने वाला पेय ₹ चाय ₹ ही है ! मिडिल क्लास परिवारों में चाय में उबाल आने के बाद उसे छानते समय चायपत्ती को अच्छे से दबाकर आखरी बूंद तक निचोड़ लेना ही परमसुख की अनुभूति कराता है । ऐसे वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग रूम फ्रेशनर का इस्तेमाल नहीं करते ! सीधे - सीधे खुशबू वाली अगरबत्ती से माहौल खुशनुमा बना लेते हैं । मानवीय समाज में आजकल दिखावा बहुत ज्यादा बढ़ गया है । वीकेंड पर या महीने में एक बार एक साथ इकट्ठा होकर एंजॉय करना चलन में शामिल हो चुका है । मिडिल क्लास परिवारों में इस तरह का ₹ गेट टू गैदर ₹ नहीं होता । यदि मन में ऐसा कोई विचार आता भी है तो घर पर भगवान सत्यनारायण की पूजा या जगत जननी मां के भजनों का आयोजन कर लिया जाता है । आयोजन के बाद वितरित किया जाने वाला प्रसाद ही इन्हें आनंद की अनुभूति प्रदान करता है । एक - दूसरे से मिलते - जुलते सब अपने - अपने घर लौट पड़ते हैं । जहां तक बात की जाए मिडिल क्लास के पारिवारिक बजट की , तो वह भी बड़ा सटीक होता है । यदि वेतन महीने की 31 तारीख के बजाए एक तारीख या उसके बाद आए तो विवशता में बच्चों के गुल्लक भी फोड़ने पड़ जाते हैं ! खुद को हाई सोसायटी के सपने देखने से रोक पाना इनके बस में नहीं होता ! ए सी , फ्रिज , आराम दायक सोफे आदि की चाह रखते हुए शो - रूम तक कदम तो बढ़ते हैं , किंतु बहुत महंगा है कहते - कहते सारी चाहत और आधी से अधिक जिंदगी स्वाहा हो जाती है ! मिडिल क्लास की पेट की भूख भी होटल के मीनू कार्ड पर डिपेंड नजर आती है ! जीवन की सच्चाई बताऊं तो महंगे होटलों के मेन्यू बुक में मिडिल क्लास का व्यक्ति फूड आइटम्स नहीं बल्कि अपनी ₹ औकात ₹ ढूंढता दिखाई पड़ता है ! फरवरी माह की 14 तारीख अथवा इससे पूर्व मनाया जाने वाला सप्ताह तथा वेलेंटाइन डे इनके जीवन का हिस्सा नहीं बन पाता है ! जिम्मेदारियां जिंदगी भर इनके पीछे और आगे परछाई की तरह लगी रहती हैं ! माध्यम वर्गीय परिवारों में दूल्हा - दुल्हन सजते तो बहुत अच्छे तरीके से हैं , किंतु रिसेप्शन स्टेज पर ऐसे बैठते हैं मानों किसी भारी सदमे में हों ! अमीर वर्ग अपनी शादी के बाद अपनी मौज - मस्ती में मस्त हो जाता है ! मिडिल क्लास के लोगों की शादी के बाद टेंट , बर्तन , कैटरर्स का काम करने वाले उनके पीछे पड़ जाते हैं ! सबसे बड़ी विडंबना यह कि मिडिल क्लास में जीवन जी रहे बंदे को पर्सनल बेड और रूम भी शादी के बाद ही अलॉट हो पाता है ! एक मिडिल क्लास का सदस्य जो तेल सिर पर लगाता है उसे ही मुंह पर भी रगड़ लेता है ! क्रीम और मॉश्चराइजर जैसी चीजें उसके जीवन का अंग नहीं बन पाती हैं ! एक सच्चा चित्रण इस रूप में भी सामने आता दिखाई पड़ रहा है जो गीजर से संबंध रखता है । मिडिल क्लास आदमी गीजर बंद करके तब तक नहाता रहता है जब तक कि नल से ठंडा पानी आना शुरू न हो जाए ! रूम ठंडा होते ही ए सी बंद करने वाला मिडिल क्लास आदमी चंदा देते समय नास्तिक और प्रसाद ग्रहण करते वक्त आस्तिक हो जाता है ! मिडिल क्लास की वास्तविक स्थिति किसी चौराहे पर लगी उस घंटी के सामन होती है जिसे लूली - लंगड़ी , अंधी - बहरी , अल्पमत - पूर्णमत हर प्रकार की सरकार वक्त - बे - वक्त पूरे दम से बजाती चली जाती है ! मिडिल क्लास को अब तक के बजट में भी वही मिलता आया है जो हम अक्सर मंदिर में प्रवेश करते बजाया करते हैं ! इन सबके बाद भी मिडिल क्लास आदमी पैसा बचाने की जी - तोड़ कोशिश करता है , किंतु बचा कुछ नहीं पाता है ! मिडिल क्लास के सपने भी लिमिटेड होते हैं ! टंकी भर गई है , मोटर बंद करना है , गैस पर दूध उबल गया है , चावल जल गया .. इसी टाइप के सपने रोज आते हैं ! दिलों में अनगिनत सपनों की चाहत लिए वह चलता ही जाता है ... बस चलता ही जाता है ...और चलते - चलते थक जाता है ...मिडिल क्लास का आदमी ... !

# विष्णु की पाती पाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी हुए खुश

## सरकार के इस स्नेहपूर्ण पहल से सम्मान और अपनापन का हुआ अनुभव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 28 दिसंबर।** विष्णु की पाती पाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों में खुशी और उत्साह की लहर है, सरकार के इस स्नेहपूर्ण प्रयास से उन्हें अपनापन और सम्मान का अनुभव हो रहा है।

### विष्णु की पाती का वितरण

जिले के कोंटा विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का शुभकामना संदेश प्रदान किया गया जिसे पाकर लाभार्थियों में अपार खुशी देखी गई। ग्राम पंचायत एर्राबोर, इंजरम, दरभागुड़ा के हितग्राहियों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमारे जैसे गरीब परिवारों की कठिनाइयों को समझते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने की अनुमति दी है, जो हमारे परिवार के लिए एक अमूल्य तोहफा साबित होगा।

### हितग्राहियों ने स्नेहपूर्ण पत्र के लिए दिया धन्यवाद

इस अवसर पर उपस्थित पीएम आवास हितग्राही ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह पत्र हमें एहसास कराता है कि सरकार गरीबों के सपना को साकार करने के प्रति पूरी तरह समर्पित है। इस योजना के तहत लोगों को न केवल पक्के घर मिल रहे हैं, बल्कि यह उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। इसी प्रकार एक अन्य लाभार्थी श्री मडियम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सुशासन की सरकार ने उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए जो कदम उठाए हैं, उससे उनमें सुरक्षा और सम्मान का भाव पैदा हुआ है। विष्णु की पाती के माध्यम से प्रदेश के मुखिया ने हमसे संवाद कर हमारा मान बढ़ाया है। हमारी तरफ़ से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को बहुत बहुत धन्यवाद और शुभकामनाएँ।

### हितग्राहियों को मुख्यमंत्री का संदेश

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने पाती में लिखा है, जय जोहार! मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आपका पक्का मकान शीघ्र ही बनकर तैयार होगा। यह मेरा सौभाग्य है कि आपके इस सपने को साकार करने का माध्यम मैं बना हूं। आपके नए घर में खुशियां और समृद्धि बनी रहे, यही मेरी कामना है। उन्होंने पत्र के अंत में लाभार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी हैं।

## एक नजर

### नगरपालिका के वार्ड कोटीगुड़ा में दिया तले अंधेरा : राजेश नाग

**सुकमा 28 दिसंबर।** जिला मुख्यालय से महज 4 किमी.दूर वार्ड क्रमांक 08 कोटीगुंडा विकास कार्यों से दूर है जनप्रतिनिधि नगरपंचायत से लेकर नगरपालिका चुनाव में दौड़े दौड़े जरूर आते हैं लेकिन जब विकास की बात आए तो उन्हें सांप सुंघ जाता है।अभी



नगरपालिका चुनाव में नेता भागकर आम जनता को लालच दिखाकर वोट लेने का काम करती है। हम विरोध करते है कि कोटीगुड़ा में नगरपालिका में बीजेपी और कांग्रेस सरकार कब्जा करके बैठने के बाद भी वार्ड क्रमांक 08 का सड़क नहीं बन पाया इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात क्या हो सकती है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों जुमले लोग हैं विकास का डंका बजाने वाले इतने साल बाद एक वार्ड का सड़क बना नहीं सकते। आज भी आम जनता के साथ स्कूली बच्चों को आने जाने में काफी तकलीफ़ होता है ख़ासतौर पर गर्भवती महिलाओं को लाना ले जाना मे पत्थरीले रास्ता को तय मुसीबतों का सामना करना पड़ता है।

### चक्काजाम, बस्तर बंद 30 को

**सुकमा,28 दिसंबर।** बस्तर संभाग पिछड़ा वर्ग समाज संघ द्वारा 30 दिसम्बर को नगरीय निकायों में अनेक आरक्षण को कमी कर देने के मुद्दे पर बस्तर बंद चक्काजाम करने का फैसला लिया गया है। बस्तरिया राज मोर्चा 30 दिसम्बर का चक्का जाम बस्तर बंद को पूरा समर्थन करता है और सरकार से मांग है कि इस पर पुनर्विचार किया जाए। बस्तरिया राज मोर्चा के संयोजक मनीष कुंजाम ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि मौजूदा राज्य सरकार के एक रिटायर्ड आईएएस आर.एस.विश्वकर्मा की अध्यक्षता में पिछड़े वर्ग में आने वाली जातियों के लोगों की संख्या मालूम कराने एक कमेटी बनायी थी। इस विश्वकर्मा कमेटी में 2 माह 15 दिन में रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। कमेटी में 7 सदस्य हैं। बारिश के मौसम में कमेंटी के कोई सदस्य भी प्रदेश के सभी जिलों में पहुंचे होंगे, इसमें शंका है अध्यक्ष का सभी जिलों में पहुंचना तो और भी मुश्किल है। ऐसी स्थिति में लगता है कि रिपोर्ट आनन - फानन में जल्दी में राजधानी के बंद कमरों में बैठकर बनाया गया है। जिसका नतीजा है कि यह हुआ कि इस रिपोर्ट का लागू कर देने से पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कमी कर दिया गया। कमी कर देने से बस्तर में विरोध शुरू हो गया है और यह विरोध स्वाभाविक है, होना चाहिए। बस्तर के कई पालिकाओं व नगर पंचायतों में एक भी वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित नहीं है। यह सीधा - सीधा ओबीसी के साथ अन्याय व जुल्म है।

### पंचायत चुनाव हेतु आरक्षण की कार्रवाई स्थगित

**सुकमा, 28 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के पदों के आरक्षण की कार्यवाही हेतु संशोधित समय-सारणी जारी किया गया है। पत्र के परिपालन में त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 अंतर्गत 28 दिसंबर को आयोजित जिला पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचों का प्रवर्गवार एवं महिलाओं के स्थानों का आबंटन-आरक्षण संबंधी कार्यवाही को स्थगित किया गया है।

### बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

**जगदलपुर 28 दिसंबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त बानने हेतु राज्य शासन के निर्देश में 'बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान' का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के प्रभावी कियान्वयन तथा तय किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए राज्य की कियान्वयन नीति तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना अनुसार प्रत्येक जिले में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों का संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर श्री हरिस एस द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत दी जा रही जानकारियों को अमल करने के निर्देश दिए।

### 4-5 जनवरी को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा में होगा वॉक-इन-इंटरव्यू

**दंतेवाड़ा, 28 दिसंबर।** लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. नया रायपुर का पत्र आदेश के तहत दंतेवाड़ा जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों जिनमें दंतेवाड़ा, कारली (जावंगा) गीदम, कुआकोंडा कटेकल्याण, बारसूर, शामिल है। यहां हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित जीवविज्ञान, रसायन, भौतिक, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान, विषयों से संबंधित व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक, कंप्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक (अस्थाई रूप से संविदा पर शिक्षक) एवं अन्य कार्यालयीन पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचित छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के प्रावधानों के अनुसार भर्ती किया जाना है। इसके अन्तर्गत सम्पूर्ण जिले में 44 पदों की रिक्तियां जारी की गई है। जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम दन्तेवाड़ा अन्तर्गत 03, कारली जावंगा गीदम के तहत 07, कुआकोंडा अंतर्गत 10, कटेकल्याण एवं बारसूर में क्रमशः 12-12, पदों पर नियुक्तियां की जाएगी। इस संबंध में इच्छुक एवं पात्र अर्हताधारी अभ्यर्थी 04 जनवरी 2025 एवं 05 जनवरी 2025 को कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे कार्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा में उपस्थित हो सकते है। वॉक-इन-इंटरव्यू का स्थान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा निर्धारित किया गया है। इस संबंध में सभी आवेदकों को सूचित किया गया है कि दस्तावेज सत्यापन निर्धारित समय पर ही किया जाएगा। समयावधि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

# 212 बटालियन सीआरपीएफ ने किया एफओबी डब्बामार्का और पोटकपल्ली में मुफ्त रक्त जांच शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 28 दिसंबर।** एफओबी पोटकपल्ली और डब्बामार्का 212 बटालियन द्वारा क्रमशः 2022 और 2023 में बनाया गया जो छत्तीसगढ़ जैसे राज्य के अति संवेदनशील नक्सलवाद क्षेत्र में तैनात है माननीय श्री अमित शाह गृहमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के भ्रमण के दौरान सीआरपीएफ कोबरा के नए खोले गए द्वश्ड्ड का भ्रमण किया गया एवं उनके द्वारा सीआरपीएफ की परिचालनिक उपलब्धियां को काफी सराहना की गई इस क्रम में श्री राकेश अग्रवाल आईपीएस पुलिस महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ सेक्टर की अध्यक्षता में दिनांक 17/ 12/ 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिया गया और उनके द्वारा दिए गए निर्देशानुसार श्री सूरजपाल वर्मा पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज परिचालन कोन्टा के मार्गदर्शन में 212 बटालियन के द्वश्ड्ड पोटकपल्ली और डुब्बामार्का इलाके के सभी ग्राम लगभग 5 किलोमीटर चारों तरफ जैसे की पालाचलमा , अमापेंटा, डुब्बामारका, टेटेमडगु, वेरुम ,वीरपुरम आदि के ग्रामीण पुरुष महिला एवं बच्चों का फील्ड हॉस्पिटल किस्टाराम के सहयोग से दिनांक 22.12.2024 को उनके रक्त के नमूने संग्रह किए गए ताकि पाई गई बीमारी की जांच कर उनका बेहतर इलाज करवाया जा सके और उनके बीच खाने-पीने की वस्तुओं तथा फल वह दवाइयां आदि बांटे गए इस दौरान ग्रामीणों ने काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तत्पश्चात उनके रक्त में पाई गई कमियां जैसे ब्लड शुगर, टोटल कोलेस्ट्रॉल, एचडीएल, एलडीएल, एसजीओटी,



एसजीपीटी ,यूरिक एसिड, हीमोग्लोबिन ,न्यूट्रोफिल, लिंफोसाइट्स, टीएलसी, प्लेटलेट्स काउंट, एमसीवी, एमसीएच, एमसीएचसी, आदि के बारे में बताया गया तथा उनके स्वास्थ्य संबंधित बीमारियों से बचने हेतु चिकित्सा सलाह भी दिया गया और इस क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देने के लिए उत्साहित किया गया तथा ग्रामीणों को आस्वस्त किया गया कि इस तरह के मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन समय-समय पर पहले भी किया जाता रहा है, और किया जाता रहेगा। इस अवसर पर श्री विनय जगताप सहायक कमांडेंट 241 बटालियन श्री प्रहलाद कुमार सहायक कमांडेंट 212 बटालियन श्री रोहित कुमार सहायक कमांडेंट 212 बटालियन तथा एफएच किस्टाराम के चिकित्सा अधिकारी श्री बी. निखिल कुमार व पैरामेडिकल स्टाफ व जवान उपस्थित रहे यह कार्य काफी सराहनीय रहा तथा श्री दीपक कुमार श्रीवास्तव कमांडेंट 212 बटालियन के निर्देशानुसार कार्य का आयोजन तथा समापन हुआ।

### मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु सूचना जारी

**दंतेवाड़ा,28 दिसंबर।** कार्यालय कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा आदिवासी विकास शाखा द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित-प्रभावित क्षेत्रों मे स्थित शालाओं में अध्ययनरत् प्रतिभावान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट एवं स्कूली-शिक्षा के साथ-साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी कराई जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किये गये है। इस संबंध में सर्व प्राचार्यों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा मण्डल संयोजकों को निर्देशित किया गया है कि उनके अधीनस्थ विकासखण्ड स्तर, शासकीय, अर्द्धशासकीय, केन्द्रीय विद्यालय, डीएवी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्राक्चयन परीक्षा में शामिल करायें।

# वनधन केंद्रों को वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण कार्य में मिले कई पुरस्कार

**जगदलपुर 28 दिसंबर।** बस्तर वनमण्डल जगदलपुर के अंतर्गत संचालित भारत सरकार की वनधन योजना के तहत महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण कार्य किया जा रहा है। बस्तर वनमण्डल में 10 वनधन केन्द्र, 49 हाट-बाजार केन्द्र तथा 138 ग्राम स्तर के संग्रहण केन्द्र संचालित है। वनधन योजना में कुल 197 स्व-सहायता समूह एवं लगभग 9228 स्व-सहायता समूहों के महिला हितग्राही संलग्न है, विगत 03 वर्षों में 15 प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के माध्यम स्व-सहायता समूहों द्वारा लघु वनोपजों का संग्रहण 680272 क्विंटल राशि 45 करोड़ 16 लाख 12 हजार रूपए का किया जाकर 1480102 मानव दिवस सृजित किया गया है। स्व-सहायता समूहों द्वारा प्राथमिक प्रसंस्करण एवं इमली डिसीडिंग (फोड़ाई) कार्य पर स्व-सहायता समूहों को कुल 3 करोड़ 92 लाख 72 हजार रूपए राशि प्रदाय किया गया है एवं 06 प्रसंस्करण केन्द्रों (काजू, इमली चपाती, इमली कैण्डी, मसाला-नमकीन काजू, तैलीय बीज एवं वनौषधि प्रसंस्करण केन्द्र) द्वारा कुल 6952.19 क्विंटल वनोपज का प्रसंस्करण कर 43531 मानव दिवस सृजित कर हितग्राहियों को राशि एक करोड़ 31 लाख 86 हजार रूपए भुगतान किया गया है। वनधन केन्द्रों के स्व-सहायता समूहों द्वारा किये गये कार्यों के फलस्वरूप अंतराष्ट्रीय स्तरीय ग्रीड अवार्ड सिंगापुर (काजू प्रसंस्करण केन्द्र) एवं राष्ट्रीय स्तर पृथ्वी अवार्ड (इमली संग्रहण, प्रसंस्करण में उत्कृष्ट कार्य) व अन्य वनधन केन्द्रों को राज्य स्तरीय उत्कृष्ट वनधन केंद्र अवार्ड से सम्मानित किया गया है।



### अटल परिसर का शिलान्यास-भूमिपूजन

**सुकमा,28 दिसंबर।** नगर पालिका परिषद् सुकमा में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर वार्ड क्रमांक 09 जनपद शाला के पास सुकमा में अटल परिसर निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमिपूजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव के द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त नागरिक और अधिकारी कर्मचारी वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर भौतिक रूप से विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन और शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न कराया। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, नगरपालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे और मनोज देव ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को नमन करते हुए उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि रमाकांत नायक, विश्वविजय चौहान, नूपुर वैदिक सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



### अंजर में आयोजित किया गया नियद नेल्लानार योजना के तहत सेंचुरेशन कैंप का आयोजन

**जगदलपुर 28 दिसंबर।** जिला प्रशासन द्वारा लोहंडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंजर में नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत शासकीय योजनाओं की गांव में प्रत्येक परिवार तक पहुंच बनाने और योजनाओं का लाभ देने के दृष्टि से एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में आधार कार्ड निर्माण और अपडेशन, बैंक खाता खोलने, आयुष्मान कार्ड निर्माण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार, टीबी-मलेरिया परीक्षण, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड निर्माण, कौशल विकास के द्वारा युवाओं का पंजीयन के साथ ही उद्योग, वन, महिला एवं बाल विकास, जिला पंचायत के एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन, स्कूल शिक्षा, क्रेडा, विद्युत,पशुधन विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के विभाग के अधिकारी और मैदानी अमला ने योजनों के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई।



## कोंटा और छिंदगढ़ में योजना की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न

# पीएम आवास के निर्माण कार्यों में लाएं तेजी: नम्रता जैन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 28 दिसंबर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद पंचायत कोंटा और छिंदगढ़ के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु रणनीतियां तैयार करने और स्थायी विकास के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दिया। श्रीमती नम्रता जैन ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में तत्परता दिखाने के निर्देश दिए। बैठक में माओवाद पीड़ित एवं आत्मसमर्पित माओवादियों की आवास सर्वे रिपोर्ट की विस्तार से समीक्षा की गई।उन्होंने शीघ्र लंबित दस्तावेजों को उपलब्ध कराके निराकृत करने के निर्देश दिए जिससे पात्र हितग्राही सही समय में शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। जिला सीईओ श्रीमती जैन ने नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा के दौरान आवास से संबंधित शेष दस्तावेजों को जमा करने और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम आवास निर्माण में कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात की गई। बैठक के दौरान अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने, अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा करने और पूर्ण कार्यों में पूर्णता प्रमाण पत्र लगाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को विष्णु की पाती और अन्य प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। बैठक में पीएम आवास के नोडल अधिकारी, सर्व पंचायत सचिव और आवास मित्र उपस्थित थे।



## समाचार संक्षेप

### नाबार्ड की पहल से जिले में विकास की नई लहर

**जगदलपुर 28 दिसंबर।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने बस्तर में विभिन्न विकासात्मक पहलों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन पहलों का उद्देश्य कृषि, ग्रामीण विकास और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। कृषि क्षेत्र विकास के लिए नाबार्ड के कृषि क्षेत्र संवर्धन निधि के तहत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उपकरणों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे किसानों की आय में सुधार हुआ है। जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए विभिन्न परियोजनाएं शुरू की गई हैं। नाबार्ड के जनजातीय विकास निधि केंद्रों (टीडीएफ) के तहत बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर उसमें फलदार वृक्षों जैसे आम, नाशपाती, अमरूद, एपल, बेर और सेब की वाड़ी बनाई गई है, जिससे कई किसान परिवारों की आय में वृद्धि हुई है। नाबार्ड ने महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन और समर्थन किया है, जिससे नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है और महिलाओं को रोजगार मिला है। नाबार्ड ने जिले में 03 एफपीओ का गठन कर उनको सशक्त बनाने में प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान की है जिससे 1200 किसान को फायदा मिला है। ग्रामीण विकास में इन्फ्रास्ट्रक्चर के महत्व को जानकार आरआईडीएफ अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं, सड़कों, पुलों और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचन, परिवहन और संचार सुविधाओं में सुधार हुआ है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं, जिससे कई ग्रामीण परिवारों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिला है। नाबार्ड के अधिकारी अभिजीत देउरी, सहायक महाप्रबंधक ने कहा कि उनके प्रयासों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देना है और वे किसानों, महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नाबार्ड की ये पहलें जिले में समृद्धि और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं और भविष्य में भी इसी तरह के प्रयासों के माध्यम से ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की योजना के तहत स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा

**जगदलपुर 28 दिसंबर।** कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय निगम की विभिन्न योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सफाई कामगार वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित कर आय संवर्धन करने हेतु कम ब्याज दर पर ऋण प्रदाय किया गया है, किंतु अनेक हितग्राहियों द्वारा उक्त वितरित ऋण से प्र्याप्त आय अर्जित करने व ऋण राशि कालातीत होने के पश्चात भी ऋण राशि को जमा करने में रुचि नहीं ले रहे है। अतः सभी वर्गों के हितग्राहियों को नियमित रूप से ली गई ऋण राशि को नियमित रूप से अदा करने की अपील की जाती है। ऋण आदायगी में लापरवाही करने वाले हितग्राहियों एवं जमानतवारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। निकट भविष्य में स्थानीय निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन संपन्न होना है। जो हितग्राही नगर निकाय और पबायत चुनाव लड़ने के इच्छुक है. उनके लिए ऋण वसूली की प्रक्रिया को और अधिक सख्त किया गया है। ऐसे हितग्राही को चुनाव नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले विभाग से ऋण मुक्त प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ऋण अदायगी न करने पर नामांकन रदद् किया जाएगा। जो हितग्राही जानबूझकर ऋण राशि जमा नहीं कर रहे हैं. उनके विरूद्ध वैद्यानिक कार्यवाही की जावेगी। इसमें आरआरसी के तहत बंधक जमीन की कुर्की एवं नीलामी तथा पोस्टडेटेड चैक पर धारा 138 के तहत न्यायालय में केस दर्ज करने की प्रक्रिया शामिल की जा रही है। इस प्रकार की लापरवाही के लिए संबंधित हितग्राही स्वयं जिम्मेदार होंगे। हितग्राहियों से अपील है कि वे शीघ्र अपनी बकाया राशि विभागीय कार्यालय में जमा करें और विभाग द्वारा तय नियमों का पालन करें।

### 150 क्विंटल धान बेचा कृषक बलराम नाग ने, मुख्यमंत्री का जताया आभार

**दंतेवाड़ा, 28 दिसंबर।** पूरे छत्तीसगढ़ सहित दंतेवाड़ा जिले में भी 14 नवंबर से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी है। इसके तहत जिले में 15 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान की खरीदी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 16110 है। इसके साथ ही किसानों को माइक्रो एटीएम के जरिए 10,000 रुपये तक का नगद भुगतान दिया जा रहा है। इस क्रम में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में खाली बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जहां प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाकर किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिया जा रहा है। इस संबंध में दंतेवाड़ा जिले से लगे हुए पातररास ग्राम निवासी किसान श्री बलराम नाग ने भी धान खरीदी केन्द्र बालूद में 150 क्विंटल धान बेचा है। वे बताते है कि उनका पास 40 एकड़ संयुक्त खेती है और अभी उनके पास 50 क्विंटल अतिरिक्त धान बचा हुआ है। इस वर्ष धान खरीदी शासन के नीतियों के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए उनका कहना है कि इस बार समर्थन मूल्य पर धान बेचने की प्रक्रिया पहले से अधिक सुगम और पारदर्शी बनाई गई है। ऑनलाइन टोकन प्रणाली के कारण अब उन्हें लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ा। साथ ही धान खरीदी केंद्र पर खरीदी की सुव्यवस्था और अधिकारियों का सहयोग देखकर वे बहुत प्रसन्न है। वे आगे कहते है कि अब हम जैसे कृषकों को बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और केन्द्र के कर्मचारी भी सहयोग कर रहे है। उनके कुछ साथी किसानों ने पहले ही दिन धान बेचा और उसका भुगतान दो दिन के भीतर हो गया। उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों के लिए बड़ी राहत है और हमें समय पर हमारा भुगतान मिल रहा है। किसान श्री नाग ने कहा कि इस बार समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए मंडी में लंबी कतारों से बचने के लिए पहले से स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की जा रही है और समर्थन मूल्य भी 3100 रुपये है जो हम किसानों के लिए बड़ी राहत की बात है। इससे हमारी मेहनत का सही दाम मिल रहा है। किसान श्री नाग ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के द्वारा किये गये व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि ऐसी सुविधाएं भविष्य में भी जारी रहेंगी।

# राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित हुए शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा

■ छत्तीसगढ़ कलार समाज ने किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 28 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का वृहद आयोजन दीनदयाल आडिटोरियम रायपुर में किया गया था।

समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी मुख्य अतिथि थे। छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा अध्यक्ष की आसंदी पर विराजमान थे। अतिविशिष्ट अतिथि के रुप में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक संगीता सिन्हा, योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित थे। विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट सेवा देने वाले प्रतिभा सम्पन्न स्वजातियों को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया गया। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा को शिक्षा, योग, स्काउटिंग, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।



योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा जन-जन तक योग की अलख जगाने के साथ ही, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नशा मुक्ति, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, पौधारोपण, गौवंश सरंक्षण एवं संवर्धन, मतदाता जागरूकता, कोविड टीकाकरण, जनजागरूकता महाभियान द्वारा अनेको रैली के माध्यम से लोगों को प्रेरित किए हैं। रक्तदान महादान शिविर, नेत्र परीक्षण, चिकित्सा एवं नेत्रदान शिविर, आरोग्य शिविर द्वारा निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा में सक्रिय सहभागिता निभाते हैं। स्काउटर अर्जुन धनंजय सिन्हा, पूर्व निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा एवं राम बाई सिन्हा के सुपुत्र, शिक्षक कला कुमार सिन्हा एवं विमला बाई सिन्हा के भतीजे हैं। वे शिक्षक परिवार से ताल्लुक रखते हैं। जिलाध्यक्ष अवध राम सिन्हा, जिला महामंत्री डायमंड सिन्हा, प्रांतीय संपादक बृजभूषण सिन्हा, जनगणना प्रकोष्ठ प्रांताध्यक्ष अशोक सिन्हा, मंडलेश्वर शिवलाल सिन्हा, ओमप्रकाश सिन्हा, मानसिंग सिन्हा, संजय सिन्हा, हेमंत सिन्हा, खेमलाल सिन्हा, कामता सिन्हा, बालचंद सिन्हा, धनेश्वरी सिन्हा ने गरियाबंद जिले को गौरवान्वित, सम्मानित करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। शिक्षिका अमोलिया सिन्हा, महेश्वरी सिन्हा, दानेश्वरी सिन्हा, शारदा सिन्हा, दामिनी सिन्हा, कंचन सिन्हा, संजय सिन्हा, भूपेन्द्र सिन्हा, पोस्ट ऑफिस शाखा प्रबंधक बलराम सिन्हा, नारायण सिन्हा, कमलेश सिन्हा, घनश्याम सिन्हा प्रिया, मधु, पूर्वी, गुंजन, योगिता, प्रवीण, नंद किशोर, रुद्र प्रताप, रोमित ने उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रेषित किए। सिन्हा को सम्मानित किए जाने पर प्राचार्यद्वय एन.सी. साहू, के.के. साहू, समन्वयक शंकर लाल यदु, खोरबाहरा निषाद, संतराम कंवर, प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन, शिक्षाविद के.आर. सिन्हा, बी.एल. तारक, एस.आर.निषाद, उखराज ध्रुवा, सीआर सिन्हा, अध्यक्ष संतराम साहू, शिक्षक उमेश ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, संतोष निषाद, तुलेंद्र वर्मा, सुशील कुमार पांडे, तरुण साहू, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा ने बधाई दिया। पतंजलि योग समिति जिला संरक्षक यशवंत यादव, स्मरण साहित्य समिति अध्यक्ष ललित साहू, साहित्यकार देवनारायण यदु, विनोद चौहान, राघवेन्द्र मानस संघ अध्यक्ष जागेश्वर ध्रुव, रत्नांचल साहित्य समिति महासचिव फणेंद्र साहू, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ गरियाबंद डीटीसी सुनील देशलहरे, विकासखंड सचिव लुकेश्वर प्रधान, बलराम देवांगन, चित्रलेखा नागेश, जिला योग प्रचारक गणेश आजाद, योगशिक्षक हरीश नेताम, कीर्ति तारक ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## समाचार संक्षेप

### होटल में चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**चारामा, 28 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के मेन रोड तहसील कार्यालय के सामने स्थित देवांगन होटल में चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जिला धमतरी में चोरी एवं मारपीट के कई मामले में पहले भी जेल जा चुके हैं। दरगहन निवासी घनश्याम देवांगन ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि कोई अज्ञात चोर विगत 28 नवम्बर की दरमियानी रात में देवांगन होटल का ताला तोडकर होटल में रखे नगदी रकम चोरी कर ले गया। उक्त रिपोर्ट पर थाना चारामा में धारा-33, 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी के नेतृत्व में अज्ञात आरोपियों का पता साजी कर गिरफ्तारी का चोरी का सामान बरामद किया गया। पुलिस ने मुखबिर तैनात कर एवं सायबर सेल कांकेर से तकनीकि विवरण प्राप्त किया गया। घटना स्थल के आसपास के समस्त सीसीटीवी कैमरा के फुटेज का बारिकी से अवलोकन किया गया। इस दौरान मामले में संलिप्त दो संदिग्धों की पहचान करने में पुलिस को सफलता मिली। जिन्हे धमतरी से हिरासत में लेकर कडाई से पुछताछ किया गया। जिन्होने उक्त अपराध को घटनाकारित करना स्वीकार किया। जिससे उनके कब्जे से चोरी किये गये रूपये एवं चोरी के पैसे से खरीदे गये मोटरसायकल बरामद किया गया। मामले में आरोपी अब्दुल रसीद पिता मोहम्मद मुस्तफा उम्र 19 वर्ष निवासी झुलनीपुर उत्तर प्रदेश हाल मुकाम धमतरी एवं भीमराज उर्फ बंटी साहू पिता दुलमन साहू उम्र 19 वर्ष निवासी धमतरी को गिरफ्तार किया गया है।



■ चोरी के पैसे से खरीदी बाइक व नगद बरामद

### कृषि मंत्री से मुलाकात कर पूर्व विधायक साहू ने धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की मांग रखी

**भखारा, 28 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश में धान खरीदी की समय सीमा को आगे बढ़ाने की मांग को लेकर बीते गुरुवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम के निवास में कुरुद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम को किसानों की समस्या को अवगत कराते हुए कहा है कि प्रदेश में धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू हुआ है लेकिन इसी बीच राइस मिलर संघ की हड़ताल होने के कारण सोसाइटियों में सही समय में धान उठाव नहीं होने के कारण समय सीमा में टोकन नहीं कट पाया, समय सीमा में किसान अपनी धान नहीं बेच सके जिससे किसानों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, किसानों की धान उनके पास पड़ी हुई है अगर समय नहीं बढ़ाया गया तो किसानों की धान समय सीमा में नहीं बिक सकेगी और किसान धान विक्रय करने से वंचित हो जाएंगे उन्होंने आगे बताया कि जिले में धान एवं चने की अधिकतम फसल लिया जा रहा है लेकिन सोसाइटियों में खाद की कमी है जिससे किसानों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने कृषि मंत्री से मांग किया है कि सोसाइटियों में खाद उपलब्ध कराई जाए और किसान हित में धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाया जाए।



### त्रिदिवसीय तेलिनसत्ती माता महोत्सव एवं राजिम जंयती की तैयारी में जुटा साहू समाज



**भखारा, 28 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** साहू समाज की आराध्य देवी तेलिनसत्ती माता की जिलास्तरीय त्रिदिवसीय महोत्सव 17, 18 एवं 19 जनवरी को मनाया जाएगा। जिसमें सामाजिक ध्वजारोहण, मंगल कलश पूजन, रथ पूजन, रक्तदान शिविर, कलश यात्रा शुभारंभ, पंडवानी, मां कर्मा की मूर्ति स्थापना, मातृ सभा, भोजन प्रसादी, सांस्कृतिक कार्यक्रम व वैदिक यज्ञ, घरेलू उपचार स्वास्थ्य पर चर्चा, सामाजिक संगोष्ठी, सनातन सभा, सर्व समाज अभिनंदन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग शिक्षा, कैरियर गाईडेस, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श सामूहिक विवाह एवं आशीर्वाद नवनिर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण किया जाएगा। आगामी 7 जनवरी को राजिम जयंती भी मनाया जाएगा जिसकी रुपरेखा के लिए भखारा परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारीयों के द्वारा बैठक किया गया।

## एक नजर

### किसान के होनहार बेटे को मिला गोल्ड मेडल, राज्यपाल के हाथों पुरस्कृत



**छुरा, 28 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आईएसबीएम यूनिवर्सिटी नवापारा कोसमी का द्वितीय दीक्षांत समारोह सोल्लास एवं गरिमामय महौल में सम्पन्न हुआ मुख्य अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका उपस्थित रहे साथ ही स्थानीय विधायक रोहित साहू भी विशेष अतिथि के रुप में मंचासीन हुए यूनिवर्सिटी द्वारा विभिन्न संकाय के स्नातक स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई इन्हीं में एक गरीब किसान का होनहार पुत्र नीरज साहू भी एक है जिन्हे बी फार्मेसी स्नातक संकाय में गोल्ड मेडल राज्यपाल द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया बेलटुकरी निवासी किसान रोहित साहू और रेखा साहू का होनहार पुत्र छुरा में अपने चाचा के पास रहकर मेहनत और लगन से पढ़ाई कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने माता पिता और गांव का नाम रोशन किया उनके पिता ने बताया कि नीरज पढ़ाई में प्रारंभ से ही मेधावी रहा उनका सपना डाक्टर बनने का था किन्तु आर्थिक परिस्थितियों के कारण उन्हे आगे पढ़ाई नहीं करा सके उनकी इस उपलब्धि पर डिगेश कुमार साहू, तोमेश्वरी साहू दिनेश कुमार साहू ऐशकुमार साहू हीरालाल साहू डामिन साहू निखिल साहू जसवंत साहू भूपेन्द्र सेन आदि ने बधाई दी है।

### आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 28 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 27 दिसम्बर 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में नाबा.लेमन कुमार, आशिक रजक पिता स्व. विक्रम रजक द्वारा वली मामा हरिशचंद्र निर्मलकर पिता जगराम निर्मलकर, निवासी ग्राम डमरू, तहसील लवन एवं दिलीप कुमार पिता बिपत, निवासी ग्राम पलारी तहसील पलारी शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के तालाब, नहर के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### शांति भंग करने वाले पांच गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 28 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। कार्यवाही के इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा 27 दिसम्बर को क्षेत्र अंतर्गत शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर कुल 05 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

## ग्राम पंचायत लिमतरा में गुरु घासीदास जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम

# क्षेत्र के विकास के लिए सरकार हमेशा तत्पर : बृजमोहन



■ बाबा ने जो उदाहरण दिया था वह आज चरितार्थ हो रहा है : शिवरतन शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 28 दिसम्बर।** ग्राम पंचायत लिमतरा में परम पूज्य गुरु घासीदास जयंती के तीन दिवसीय कार्यक्रम पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा किसान नेता भाटापारा विधानसभा अनिल पांडे जिला महामंत्री राकेश तिवारी पूर्व जनपद अध्यक्ष आनंद यादव मंडल अध्यक्ष जनवरी तिवारी मंडल अध्यक्ष नारायण साहू पहुंचे कार्यक्रम बाबा के मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकप्रिय सांसद अजय योद्धा बृजमोहन अग्रवाल ने कहा परम पूज्य गुरु घासीदास जयंती के शुभ अवसर पर मुझे मेरे दो भाई जो मेरे यहां रहते हैं आप ही के गांव के उदय चौहान और नवरोज निषाद उन्होंने मुझे यहां पर आने का निमंत्रण दिया। उनका निमंत्रण स्वीकार करके मैं यहां आप सबके बीच में आया हूं से अग्रवाल ने कहा आप सब का आशीर्वाद समय लोकसभा का सांसद हूं। हर वर्ष आप यहां पर जयंती कार्यक्रम बनाते हो इस क्षेत्र के पूरे विकास में पूर्व में डॉक्टर रमन सिंह अभी वर्तमान में विष्णु देव की सरकार कर रही है। सारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचे इसका प्रयास है बाबा का आशीर्वाद पूरे प्रदेश वालों को मिले। अग्रवाल ने कहा मैं संस्कृति मंत्री था और मैं बाहर गया था वहां पर मुझे कहा गया की सबसे तेज अगर कोई नृत्य होता है तो वह भांगड़ा होता है तो मैंने कहा नहीं सबसे तेज अगर नहीं तो कोई होता है तो परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा के आशीर्वाद में जो पंथी नृत्य होता है वह नहीं तो सबसे तेज होता है। मैंने यह उदाहरण दिया बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आप सब विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा।

अग्रवाल ने पंचायत के मांग पर 5,00,000 की राशि और किसान नेता हेम सिंह चौहान के मांग पर 5,00,000 की राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा ने कहा बाबा का आशीर्वाद हमेशा प्रत्येक व्यक्ति को मिलता है। बाबा आज भी उनकी कही बातें प्रासंगिक है 268 में जयंती की आप सबको बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं। शर्मा ने कहा की बाबा ने जो उदाहरण दिया था वह आज चरितार्थ हो रहा है हम सबको उसको चरित्र से करना है बाबा के उदाहरण को एक-एक बातों को मां के मां के एक समान पर स्त्री मान सम्मान का सेवन नहीं करना ऐसे सब सारी बातों को विस्तार पूर्वक कहा शर्मा ने कहा कि अब समय आ गया कि समाज के लोगों को भी जागरूक होना चाहिए और जागरूक होकर शिक्षा की तरफ अपना ध्यान आगे बढ़ना चाहिए कार्यक्रम प्रमुख रूप से अनिल पांडे हेम सिंह चौहान राकेश तिवारी आनंद यादव चंद्रमणि तिवारी नारायण साहू संतोष साहू ईश्वर साहू राजकुमार निषाद चोवा राम समस्त भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बैकोनी में धूमधाम से मनाई गई गुरु घासीदास बाबा की जयंती



■ जयंती कार्यक्रम में विधायक इंद्र साव हुए शामिल, गुरु घासीदास बाबा भवन के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 28 दिसम्बर।** सिमगा समीपस्थ ग्राम बैकोनी में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव उपस्थित थे जंहा समाज के लोगों ने विधायक का आतिशबाजी फूलमाला के साथ जोरदार स्वागत किया। सर्वप्रथम विधायक इंद्र साव ने गुरू घासीदास बाबा के मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

जयंती कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को गुरु घासीदास बाबा की जयंती की बधाई देते हुए विधायक ने कहा कि बैकोनी ही नहीं आज प्रदेश के गांव गांव में पूज्य बाबा की जयंती मनाया जा रहा है। उनके द्वारा संपूर्ण मानव समाज को दिए संदेशों को जन जन तक पहुंचाने की जरुरत तो है साथ ही उन संदेशों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है तब जाकर हमारा गुरू घासीदास बाबा की जयंती मनाना सार्थक होगा। सामाजिक लोगों की मांग पर विधायक ने गुरु घासीदास बाबा भवन के हेतु पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि अभिनव यदु ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित मिरी ने किया।

कार्यक्रम के पहले संध्या समय ग्राम में अखाड़ा दल के साथ भव्य शोभायात्रा निकाला गया। जंहा समाज के महिला पुरूष बच्चे भी बढ़चढ़कर शोभायात्रा में शामिल हुए। ततपश्चात जैतखाम में पूजा अर्चना कर सतनामी समाज सिमगा परिक्षेत्र के अध्यक्ष जगमोहन मार्कंडेय ने पालो चढ़ाया। वहीं रात्रि में लोक कलाकार गोरेलाल बर्मन के द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महंत भंडारी तोरण दास कोसले विष्णु कोसले पूर्व सरपंच कमल सोनवानी हेमंत मिरी गेंदू कोसले राकेश बांधे महेश मिरी हीरालाल कोसले चंद्रकुमार सोनवानी रामगुलाप गेन्ड्रे भगवती मिरी सोनसिंग कोसले डॉ. दिलीप चेलक रमेश कोसले सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह मौन रहकर भारत को विश्व पटल पर मजबूत किया: राजू साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 28 दिसम्बर।** भारत वर्ष को आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत करने वाले कुशल प्रशासक व राजनेता, पूर्व गवर्नर, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता, देश के दो बार के प्रधानमंत्री रहे स्व. मनमोहन सिंह ने पुरे जीवन अभाव मे रहकर भारत के विकास को प्रभावशाली ढंग से आर्थिक व गांव, गरीब, शहरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले मे मजबूती से आगे बढ़ाया, मनरेगा, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार जैसे मानवीय मूल्यों को अपने शासन काल मे क़ानून के रूप मे जनमानस के अधिकारों को संरक्षण दिया कभी भी उन्होंने भारत वर्ष के धार्मिक, सामाजिक, वर्ग में बांटने का कार्य नहीं किया बल्कि भारत की अनेकता में एकता के संदेश को सार्थक करते हुए विश्व पटल पर अपनी बुद्धिमत्ता से हर प्रकार के वैस्विक राजनीती से देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी मे पहले क्रम पर रखा निश्चित ही उन्होंने कम बोलकर काम मे ध्यान दिया और देश को प्रगति पथ अग्रसर किया।

### ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा ने दी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि



आज पूरा भारत वर्ष स्व. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यों को याद कर विनम्र श्रद्धांजलि प्रेषित कर देश के सच्चे सपूत को नमन कर रहा है। ब्लाक कांग्रेस भखारा ने 2 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित किया डॉ मनमोहन सिंह का जाना पुरे भारत वर्ष के लिए अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर पूर्व नप अध्यक्ष विनोद साहू, संतोषी निषाद, अनिरुद्ध साहू, जप सदस्य संतोष साहू, परमेश्वरी महेंद्र साहू, ब्लाक उपाध्यक्ष रामचंद्र साहू, रुपचंद साहू, बिट्टू गौर, शोभा राम यादव, अनिल निर्मलकर, संतोष साहू, यूँका पुखराज साहू, वीरेंद्र साहू, कमल साहू, रूपेंद्र साहू चेतन साहू, सुनील साहू, नितेश मानिकपुरी, मनोज साहू, मनीष साहू, एवन साहू सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# पंथ हुजुर गृंध मुनि नाम साहब कार्क बाल स्पर्धा का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 28 दिसम्बर।** पंथ हुजुर गृधं मुनि नाम साहब कार्क बाल प्रतियोगिता का शुभारंभ नवोदित वंशाचार्य पंथ हुजूर उदित मुनी नाम साहब ने किया। उक्त प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के भाजपा नेता अनिल पांडे उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत पंथ गृंधमुनि के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मैच शुभारंभ के पहले सर्वप्रथम खिलाड़ियों ने अपना परिचय दिया ततपश्चात प्रथम मैच मुंगेली व किरवइ के बीच खेला गया। इस अवसर पर उदित मुनी ने अपने संबोधन में कहा की हर वर्ष यहां पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है लगातार हम ग्राउंड को संवारने का प्रयास कर रहे हैं। आने वाले दिनों में मैदान और भी बेहतर नजर आयेगा। यहां विगत 30 वर्षों से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट शुभारंभ के अवसर पर भाजपा मडंल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी हेमसिंह चौहान कमलेश साहू मनोज चौबे प्रहलाद मिश्रा सहित कई वरिष्ठ क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।




**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद**

Phone No. :- 07749-222370, Email Id:- ee-res.balod@gov.in

**मैनुअल पध्दति निविदा सूचना (प्रथम बार)**

क्रमांक/14/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2024-25 — बालोद, दिनांक 27.12.2024

छत्तीसगढ के राज्यपाल की ओर से बालोद जिले में स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिये सामग्री प्रदाय हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार अथवा वाणिज्यिकर विभाग में सामग्री प्रदाय हेतु पंजीकृत फर्म/डीलर से कार्य विभाग मैन्युअल के अपेडिंक्स 2.15 के अनुसार प्रपत्र 'सी' में स्पीड़ पोष्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 10.01.2025 को अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 13.01.2025 को प्रातः 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

**कार्य का नाम :-**

1. समुदाय के लिये सी.सी. चेक डेम सह पुलिया निर्माण कार्य ग्राम सुकड़ीगुहान ग्राम पंचायत सिंघोला विकासखण्ड डौण्डी जिला बालोद **सामग्री प्रदाय की अनु. लागत राशि रू. 29.52 लाख अमानत राशि 22150/- निविदा प्रपत्र का मुल्य 1500/- सामग्री प्रदाय की अवधि 06 माह**

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विकय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल **http://cg.nic.in/resworks/Tender_test_report.aspx** या अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 27.12.2024 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है

**कार्यपालन अभियंता**
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
बालोद जिला-बालोद (छ.ग.)

जी-242504920/4



**कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन**
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
(संयुक्त जिला कार्यालय भवन कलेक्ट्रेट, कक्ष क्रमांक 254)
Email - adfdantewada@gmail.com

**-:: खुली निविदा ::-**

क्रमांक/726-B/ससंमपा/लेखा/2024-25 — दंतेवाड़ा/दिनांक 19/12/2024

कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा की ओर पंजीकृत निर्मिताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से जिला खनिज संस्थान न्यास निधि मद से प्राप्त राशि का विभाग की ओर से मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें की जानकारी कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

1. नियम एवं शर्त तथा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 16.01.2025 सांय 5:30 बजे तक
2. प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 20.01.2025 सांय 5:30 बजे तक
3. आवेदन खोलने की तिथि - 22.01.2025 प्रातः 11:00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | संख्या | अनुमानित राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | दन्तेवाड़ा में बायोफलॉक मछलीपालन टैंक हेतु पावर एयर ब्लोवर प्रदाय कार्य | 04 | 6.00 लाख | 1000.00 | 0.06 लाख |
| 2 | दन्तेवाड़ा में मछली पालन हेतु परिपूरक आहार प्रदाय कार्य | - | 3.60 लाख | 1000.00 | 0.036 लाख |

**सहायक संचालक मछलीपालन**
जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

जी-242504890/3

## एक नजर

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन नाबालिग लड़कियां लापता

**रायपुर, 28 दिसंबर ।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन नाबालिग लड़कियां लापता हो गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार संतोषीनगर निवासी 56 वर्षीय प्रार्थिया ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को अज्ञात आरोपी ने बहला फुसलाकर भगा ले गया। वहीं दूसरे मामले में मंदिरहसौद निवासी 35 वर्षीय प्रार्थी ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को अज्ञात आरोपी ने बहला फुसलाकर भगा ले गया है। वहीं न्यू शांतिनगर निवासी 50 वर्षीय प्रार्थिया ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से हजारों रुपए के जेवर पार

**रायपुर, 28 दिसंबर ।** अवनी विहार कालोनी दलदल सिवनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर सहित साड़ी पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मीना शर्मा 69 वर्ष अवनी विहार कालोनी दलदल सिवनी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलामरी में रखे सोने-चांदी के जेवर व साड़ी पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया पार

**रायपुर, 28 दिसंबर ।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कैलाशपुरी चौक निवासी प्रार्थी मिथलेश साहू 27 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलई 7617 को कैलाशपुरी स्थित एएन एडवांस पैथोलॉजी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में वीआईपी सिटी सड्डू निवासी इंदल निषाद 39 वर्ष ने विधानसभा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 05 पीक्यू 1090 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आज से 26 घंटे का नॉन इंटरलॉकिंग अपग्रेडेशन कार्य, 21 से अधिक ट्रेनें रद्द

**रायपुर, 28 दिसंबर।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य दिनांक 28 दिसंबर, 2024 को 12.00 बजे से दिनांक 29 दिसंबर, 2024 को 14.00 बजे तक 26 घंटे का नॉन इंटरलॉकिंग अपग्रेडेशन कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फ्लस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार लेकर लौटी हेमबती का एयरपोर्ट पर स्वागत

**रायपुर 28 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बालगृह (बालिका) कोंडागांव में निवासरत बालिका जूडो खिलाड़ी कुमारी हेमबती को कल 26 दिसम्बर को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया था । उन्हें मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और साथ ही पुरस्कार की राशि रु 1 लाख हेमबती के बैंक एकाउंट में भेजा जाएगा। आज दोपहर बालगृह कोंडागांव की अधीक्षक श्रीमती मणि शर्मा के साथ हेमबती पुरस्कार प्राप्त कर रायपुर पहुंची , विमानतल में छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष डॉ कमल वर्मा , महासचिव चंद्रेश शाह, संयुक्त सचिव राजेन्द्र कुमार निगम, प्रभा सेंद्रे, श्वेता सिंह , रिंकू, लेखा , इंद्रसेन , ने उन्हें पुष्प गुच्छ, माला और शाल पहना कर स्वागत किया गया । छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष एवं रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी हेमबती को बधाई देते हुए उनके उज्जव भविष्य की कामना किए हैं। विमानतल में महीला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारी मिडिया के लोगो ने भी उनसे भेट किए।

### महिला अधिवक्ता के साथ पुलिस ने किया दुर्व्यवहार

**रायपुर, 28 दिसम्बर ।** पुलिस थाना मणिपुर अम्बिकापुर के थाना में कार्यरत आरक्षक उमा शंकर साहू, आरक्षक रामचन्द्र सिंह, आरक्षक अतुल शर्मा एवं थाना प्रभारी अखिलेश सिंह द्वारा महिला अधिवक्ता पर मोबाइल चोरी का झूठा आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ शारीरिक शोषण मारपीट एवं दुर्व्यवहार का आरोप महिला अधिवक्ता कुमारी प्रेमा साहू एलएलबी में अध्ययनरत अम्बिकापुर ग्रामीण बैंक के बगल में अस्पताल रोड ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में आरोप लगाया। कुमारी प्रेमा के अनुसार आरक्षक उमांशकर साहू द्वारा उनके साथ अश्लील गाली-गलौच की गई।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने संगठन की ली मैराथन बैठक

## शताब्दी वर्ष पर अनुषांगिक संगठनों के कामकाज की समीक्षा

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 28 दिसम्बर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आज संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संघ के अनुषांगिक संगठनों के प्रमुखों की बैठक ली। बैठक में संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक समरसता को बढ़ाने पर बल दिया।

राजातालाब स्थित जागृति मण्डल में संघ प्रमुख मोहन भागवत तीन दिवसीय प्रवास पर कल पहुंचे। आज उन्होंने प्रांतीय स्तर के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। जिला इकाई के मुख्य महेश बिड़ला ने बताया कि इसमें सिर्फ प्रांतीय पदाधिकारियों को बुलाया गया है। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा चल रही है। यह बैठक मैराथन है। इस बैठक का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ाना, कुटुम्ब प्रबंधन, अनुकूल विकास, नागरिक कर्तव्य पर चर्चा है। भाजपा के स्थानीय पदाधिकारियों में भी इस बैठक को लेकर काफी उत्सुकता है। आगामी कुछ दिनों में नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव तथा जिला अध्यक्षों का चयन किया जाना है जिसके चलते यहां पर अनेक शीर्ष नेता स्थानीय संघ प्रमुख डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना से सम्पर्क कर रहे हैं। भाजपा आरएसएस का राजनीतिक अनुषांगिक संगठन है। वर्तमान में महिला आयोग सहित अन्य मण्डलों एवं निकायों में नियुक्ति होना बाकी है। इस समय महिला आयोग के अध्यक्ष पद को लेकर कई महिला नेत्रियां सक्रिय हो गईं है। इसलिए वे संघ प्रमुख एवं स्थानीय पदाधिकारियों के संपर्क में हैं।

### धर्मान्तरण रोकने पर भी होगी चर्चा

बस्तर, जशपुर, बालोद, अंबिकापुर सहित कई जिलों में धर्मान्तरण होने की शिकायतें आई है। रामकृष्ण मिशन द्वारा नारायणपुर में एक आश्रम खोला गया है जो कि शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहा है। संघ द्वारा श्रम संगठन, शिक्षा के क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिर, स्वदेशी आन्दोलन एवं अनाथ बच्चों के लिए कई प्रोजेक्ट चलाए जा रहे हैं। संघ प्रमुख रायपुर में कई धार्मिक संस्थाओं के प्रमुखों से भी मुलाकात कर सकते हैं।



रायपुर 28 दिसंबर। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त हेमबती से छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की।

# नए वर्ष में कांग्रेस को मिलेंगे नए पदाधिकारी

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 28 दिसम्बर।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण कांग्रेस के जिलाध्यक्षों एवं महामंत्रियों के नई नियुक्ति का मामला टल गया है। कांग्रेस के पदाधिकारियों के अनुसार कर्नाटक के बेलगांव में कांग्रेस का महाधिवेशन चल रहा था। इस बीच डॉ. मनमोहन सिंह की मृत्यु हो गई जिसके चलते यह सम्मेलन स्थगित करना पड़ा। इस सम्मेलन में डॉ. चरणदास महंत, दीपक बैज और भूपेश बघेल शामिल हुए थे। छग प्रभारी सचिन पायलट के निवास पर दीपक बैज और चरणदास महंत के साथ संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई थी। जिसमें 13 जिलों के अध्यक्षों को बदलने एवं तीन महामंत्रियों की नियुक्ति पर गंभीर चर्चा हुई थी। महाधिवेशन के कारण यह नियुक्ति नहीं हो पाई। नए वर्ष में अब नई नियुक्तियों पर मुहर लगने की संभावना है।

**भाजपा के जिला अध्यक्षों का भी चयन करेगा हाईकमान :** भाजपा में भी संगठनात्मक फेरबदल की प्रक्रिया चल रही है। ब्लॉक स्तर पर नए युवाओं को मौका दिया गया है। उम्र की सीमा तय करने के कारण कई लोग इसमें कट गए हैं। अब सभी जिलों के अध्यक्षों का एक पैनल हाईकमान के पास भेजा जाएगा जिसमें हाईकमान ही अंतिम मुहर लगाएगा। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को देखते हुए शीघ्र ही नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति किए जाने का संकेत है। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार वार्ड स्तर पर पार्षद प्रत्याशियों के लिए रायशुमारी कर ली गई है। अब संगठन के द्वारा ही इस पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। 11 से अधिक वार्ड महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित होने के कारण कई नेताओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है इसलिए वे अपनी पत्नियों को चुनाव लड़वाना चाहते हैं लेकिन संगठन के पदाधिकारियों द्वारा हरी झंडी नहीं दिए जाने के कारण वे निराश हैं। इधर कांग्रेस में भी पार्षद पद के दावेदार अपने-अपने राजनीतिक आकाओं का चक्कर काट रहे हैं।

# 22 दिनों से गायब छात्रा का अब तक पता नहीं चला

**रायपुर 28 दिसंबर।** 23 साल की छात्रा हेमलता वर्मा डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र की मुड़िया मोहरा की रहने वाली है. पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एमएससी फाइनल की स्टूडेंट है. 7 दिसंबर से हेमलता हॉस्टल के कमरे से गायब है. परिजनों को इसकी सूचना 10 दिसंबर को मिली. जिसके बाद परिजन सरस्वती नगर थाने में पहुंचकर मामला दर्ज कराया था. परिजनों का आरोप है कि छात्रा के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला. जब दरवाजा तोड़ा गया तो दरवाजे की चाबी कमरे के भीतर मिली. एमएससी की छात्रा हॉस्टल से लापता- शुक्रवार को छात्रा के परिजन और डोंगरगढ़ की विधायक हर्षिता बघेल ने थाने के सामने धरना दिया. प्रदर्शन के दौरान परिवार वालों ने हॉस्टल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया. सरस्वती नगर पुलिस पर आरोप है कि उसने गुम इंसान की रिपोर्ट लिखकर केस की गंभीरता को कम कर दिया. जबकी पुलिस का कहना है कि हम गुमशुदा लड़की की तलाश कर रहे हैं. कोई भी ठोस सबूत अबतक पुलिस के हाथ नहीं लगा है.



छात्रा के पिता भोजराम वर्मा ने बताया कि 7 दिसंबर को उसकी बेटी ने घर में फोन किया था. बाद में शाम को जब हम लोगों ने फोन किया तो बेटी का फोन स्विच ऑफ आया. शंका होने पर 10 दिसंबर को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल पहुंचकर अपनी बेटी के बारे में पता किया तो हॉस्टल वार्डन ने कहा कि फोन करो भीतर होगी आ जाएगी.

सवालों में सरस्वती नगर थाने की कार्रवाई- आजाद चौक के सीएसपी अमन झा ने बताया कि 7 तारीख को हॉस्टल से लड़की गायब हो गई है. इस मामले में सरस्वती नगर थाने में गुम इंसान का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है फिलहाल पुलिस को अब तक इस मामले में कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है. इसकी जानकारी पुलिस को 10 दिसंबर को मिली.

जिसके बाद पुलिस ने इसमें गुम इंसान का मामला दर्ज किया है. पुलिस को कुछ लोगों पर शक था तो उन्होंने दूसरे राज्य पुलिस टीम भेज कर पतासाजी की, लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा. पुलिस हॉस्टल में रहने वाली अन्य छात्राओं के साथ ही आसपास के हॉस्टल के छात्राओं से भी पूछताछ कर रही है।

# ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन पर सेमिनार

**रायपुर- 28 दिसंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन , यांत्रिक, सिग्नल एवं दूरसंचार, इंजीनियरिंग तथा राजभाषा विभाग के कर्मचारियों के साथ रेलवे इंस्टिट्यूट इंजीनियरिंग कॉलोनी/रायपुर में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई-

स्पैड से बचाव के लिए बरती जानेवाली सावधानियां एवं ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सेक्शन में ट्रेन परिचालन के लिए दिये जानेवाले विभिन्न प्राधिकार, शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां एवं ट्रैक मेंटेनेंस मशीन का कार्य (सामान्य नियम-4.65) , इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा बरती जानेवाली शीतकालीन सावधानियां एवं पेट्रोलिंग तथा समपार फाटक में कार्य के दौरान गेटकीपर द्वारा बरती जानेवाली सावधानियां, ट्रेन में हॉट एक्सेल, ब्रेक बाइंडिंग, दरवाजा खुलना एवं असमान लोडिंग से बचाव के लिए कैरिज एवं वैगन कर्मचारी , चालक दल, ट्रेन प्रबंधक एवं स्टेशन कर्मचारियों द्वारा की जानेवाली जांच, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण, संरक्षा के क्षेत्र में राजभाषा हिंदी की भूमिका , प्राथमिक उपचार पेटी का प्रदर्शन तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन । इस संरक्षा सेमिनार में श्री सुरेश चन्द्र, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर के साथ-साथ श्री त्रिनाथ मोहंती , संरक्षा सलाहकार/विद्युत, श्री भूपेश साहू, संरक्षा सलाहकार/यांत्रिक, श्री उमाकांत धकाते, संरक्षा सलाहकार/परिचालन, श्री हरीश चन्द्र कर, संरक्षा सलाहकार/ विद्युत, श्री सुनील कुमार साहू, संरक्षा सलाहकार/सिग्नल एवं दूरसंचार तथा डॉ. कमल, अनुवादक/राजभाषा ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 58 लोगों ने भाग लिया।




# मुख्यमंत्री ने ठाकरे व पटवा को पुण्यतिथि तथा जेटली की जयंती पर किया याद

**रायपुर 28 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 28 दिसंबर को स्वर्गीय श्री कुशाभाऊ ठाकरे और श्री सुंदर लाल पटवा की पुण्य तिथि तथा श्री अरुण जेटली की जयंती पर उन्हें नमन किया है।

मुख्यमंत्री साय ने कुशाभाऊ ठाकरे जी के देश के लिए योगदान को याद करते हुए कहा है कि कुशाभाऊ जी नैतिकता, आदर्श व सिद्धांतों के प्रकाश स्तंभ थे। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण अटूट था। कुशाभाऊ ठाकरे जी ने समाज के प्रत्येक वर्ग की सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से काम किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे जी जैसे निष्काम कर्मयोगी के विचार और जीवनमूल्य हमें सदैव देश सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पद्मविभूषण स्वर्गीय श्री अरूण जेटली की 28 दिसंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने कहा कि जेटली जी ने भारत के वित्त, रक्षा, कॉरपोरेट मामले, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभागों को कुशलता से संभाला और देश के विकास को नई गति दी। इसी तरह मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री पद्म विभूषण श्री सुन्दर लाल पटवा की 28 दिसंबर को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा कि पटवा जी अनुशासनप्रिय व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। सौम्य व्यक्तित्व, कुशल संगठन क्षमता से युक्त, ओजस्वी वक्ता और विभिन्न जनसमस्याओं को उठाने वाले जुझारू नेता के रूप में पटवा जी ने अपनी एक अलग पहचान बनाई।



# प्रदेश में गौ माता की तस्करी बढ़ रही है: विकास उपाध्याय

**रायपुर 28 दिसंबर।** पूर्व विधायक व लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने कल कुम्हारी टोल प्लाजा के पास गौवंश एवं अन्य जानवरों के खाल से भरे ट्रक पकड़े जाने को लेकर छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र की बीजेपी सरकार पर फिर से गौतस्करी के मामले में कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है इन राज्यों के सरकारों की मिलीभगत से ही ऐसे कार्यों को बड़ी चालाकी से अंजाम दिया जा रहा है एवं इनके संरक्षण में ही इस प्रकार के कार्य फल-फूल रहे हैं। कल लगभग 10,000 से भी ज्यादा खाल को कुम्हारी टोल प्लाजा के पास ट्रक से पकड़ा गया, जिसमें अन्य जानवरों के खाल व अधिकांश गौवंश के खाल थे। इससे पूर्व भी छत्तीसगढ़ के अंदर अनेकों गाड़ियाँ एवं ट्रक इस मामले में पकड़े गए हैं, लेकिन अभी तक बीजेपी की सरकार कहीं भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रही, बल्कि इन्हीं के क्षय में इस प्रकार के बड़े अपराधों को ज्यादा बढ़ावा दिया जा रहा है। विकास उपाध्याय ने कहा कि जहाँ-जहाँ भी बीजेपी सरकार रहती है वहीं क्यों कालाबाजारी, लूटपात, बलात्कार, हिंसावाद, अवैध निर्माण, गौतस्करी जैसे अपराधों को बढ़ावा दिया जाता है, क्यों लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जाता है। जबकि निरंतर विकास एवं सभी वर्गों के हित में निःस्वार्थ भाव से कार्य कर एक बेहतर सरकार चलाने का काम कांग्रेस पार्टी की सरकार में हुआ। वर्तमान में जिस प्रकार गौतस्करी चरमसीमा पर है, उससे छत्तीसगढ़ का पूरा गौवंश खतरे में दिख रहा है। उपाध्याय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गौमाता के नाम पर वोट मांगती है, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश में बीजेपी की सरकार है, तो फिर कैसे और कहाँ ये गौमाता की हत्या करके उनकी खाल काटने का काम चल रहा है। क्यों छत्तीसगढ़ की बीजेपी सरकार गौवंश की रक्षा नहीं कर पा रही? क्यों गौठानों की हालत आज बद से बत्तर हो गई? क्यों मवेशियों की तादात आज शहरों की गलियों, चौक-चौराहों पर दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है? गौठान की देख-रेख व संचालन नहीं होने से प्रदेश में मवेशी व गौवंश दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, जिस प्रकार उनकी तस्करी को बढ़ावा दिया जा रहा है, यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार इस स्थिति को अनदेखा कर रही है या तो जानबूझकर कर रही है। पूर्व की कांग्रेस सरकार में गौ माता की रक्षा के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में गौठान का निर्माण किया गया था, जहाँ पर गौ माता की आहार से लेकर ईलाज तक की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती थीं। गाँव से लेकर शहर तक हर वर्ग के लोग गौमाता की सेवा में लगे रहते थे। गौठानों से आमजनता को मिल रही आय को लेकर भी लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह देखी जा रही थी, गोबर बिक्री के कार्य में लगे लोगों को मुनाफा होता था, जिससे कॉलोनी एवं ग्रामीण सड़कों में गोबर की साफ-सफाई हो जाने से स्वच्छता बनी होती थी। लेकिन जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से हर चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों व ग्रामीण सड़कों पर भी गाय, मवेशी के दिन और रात विचरण करने से गंदगी भी होती है और वातावरण दूषित भी हो रहा है, वहीं गौवंश व मवेशी अपना खाना तलाश्ते रहते हैं तथा सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होकर अपने प्राण गंवा देते हैं और दूसरी तरफ किसी व्यापारिक गिरोहों द्वारा इनकी तस्करी भी कर दी जा रही है। विकास उपाध्याय ने कहा कि बहुत ही दुःख का विषय है कि गौवंशों के साथ हो रही ऐसी संवेदनशील घटना के हो जाने के बाद भी सत्ताधारी पक्ष का एक भी जवाबदार आदमी व नेता जवाब देने को तैयार नहीं है। उपाध्याय ने कहा कि गौवंश पर हो रहे अत्याचार अब छत्तीसगढ़ की जनता और कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।





रायपुर 28 दिसंबर। संत शिरोमणि घासीदास जयंती पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ सांकरा(अमलेश्वर)तर्रा सावनी के कार्यक्रम में नरसिंह चन्द्राकर ने भाग लिया।

# छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज का सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह 15 को

**रायपुर 28 दिसंबर।** ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन 15 जनवरी 2025 बुधवार को विप्र भवन में किया जा रहा है। वैदिक विधि और मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह में अपने बालक के उपनयन संस्कार को यादगार बनाने के लिए कार्यालय विप्र भवन में पंजीयन हेतु तत्काल संपर्क करें।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26